# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## राम मंदिर में अनूठा घंटा

### 10 किमी तक सुनाई देगी 'ॐ' की ध्वनि

राम मंदिर को भव्य बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली हर एक चीज चर्चा में है। राम मंदिर में लगने वाले घंटे को रामेश्वरम में तैयार कर अयोध्या लाया गया है। राम मंदिर के लिए एक अनोखा घंटा भेंट किया गया है। इस घंटे की आवाज 10 किलोमीटर तक सुनाई देगी। इसकी चौड़ाई 3.9 फीट है और इसकी लंबाई 4 फीट है। इस घंटे की खास बात ये है कि एक बार बजने पर ॐ की आवाज निकलेगी। तमिलनाडु के रामेश्वरम से 613 किलो वजन का यह विशेष घंटा राम मंदिर के लिए भिजवाया गया है। इस विशाल घंटे को तमिलनाडु के रामेश्वरम से 4500 किलोमीटर की यात्रा कर अयोध्या लाया गया है।

**613** किलो वजन

**3.9** फीट चौड़ा

**4** फीट लंबा

### घंटे पर लिखा है राम का नाम

घंटे पर राम का नाम लिखा है। इस घंटे को अष्टधातु से तैयार किया गया है। इस घंटे को तैयार करना कोई आसान काम नहीं था बल्कि इसे तैयार करने में 400 के करीब कर्मचारी लगे थे जिन्होंने दिन-रात एक कर इस घंटे को तैयार किया है। रामलला को यह विशेष घंटा तमिलनाडु की लीगल राइट काउंसिल की ओर से भेंट किया गया है।



400 कर्मचारियों ने किया तैयार

# अनुष्ठान में होंगे 11 यजमान, 12 अधिवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का दिन, समय के बारे में विस्तार से बताया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 11 यजमान, 12 अधिवास होंगे। श्री रामलला की मूर्ति का जिस कुटिया में निर्माण किया गया, 16 जनवरी को पूजन का प्रारंभ उसी कर्म कुटी से होगा। इसके बाद मूर्ति का निर्माण करने वाले शिल्पी का प्रायश्चित पूजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ब्रह्मा गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, सुनील दीक्षित, गजानंद जोगकर, अनुपम दीक्षित, घटाटे गुरुजी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। इसमें 11 यजमान भी होंगे। विश्व हिंदू ⏭ शेष पेज 7 पर

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया वीडियो**



### निकटवर्ती राम मंदिर जाकर करें प्रभु के दर्शन

चंपत राय ने बताया कि 22 जनवरी को जो मेहमान आने हैं वह तय हो गए हैं। सभी लोग उस दिन नहीं आ सकते इसलिए वह अपनी निकटवर्ती राम मंदिर जाकर प्रभु के दर्शन करें। साथ ही घर पर पांच दिए जलाएं। उन्होंने पीएम के आगमन और पूजा की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया।

### हनुमान फिल्म की हर टिकट से 5 रुपए राममंदिर के लिए

**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता तेजा सज्जा और निर्देशक प्रशांत वर्मा की 'हनुमान' 12 जनवरी को पूरे देश में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में मेगास्टार चिरंजीवी चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। इवेंट में 'भोला शंकर' अभिनेता ने खुलासा किया कि फिल्म 'हनुमान' के निर्माताओं ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रत्येक टिकट से 5 रुपये दान करने का वादा किया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा। साउथ इंडियन सुपरस्टार चिरंजीवी को भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया है।

**प्री-रिलीज इवेंट में मेगास्टार ने की घोषणा**

### 40 साल बाद जूता पहनेंगे बलराम

**भोपाल।** दमोह जिले में रहने वाले भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त 56 वर्षीय बलराम पांडे पिछले 40 वर्ष से अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का संकल्प लेकर नंगे पैर चल रहे हैं। अब उनका यह संकल्प पूरा हो गया है। अब जल्द ही अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। उसके बाद वहीं पर पैरों में चप्पल-जूते पहनेंगे। बटियागढ़ निवासी बलराम पांडे के पूर्वज अयोध्या में ही रहते थे। बाद में परिवार बटियागढ़ में बस गया। बलराम पांडे अक्सर अयोध्या जाते रहते थे। जब उनकी आयु 16 वर्ष थी, तब 1983 में स्वजनों के साथ अयोध्या गए थे। उन्होंने संकल्प लिया कि जब तक राम मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता वे नंगे पैर ही चलेंगे।

**दमोह के बलराम पांडे ने 16 साल में ली थी प्रतिज्ञा**






## बिलकीस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# गुजरात सरकार का आदेश रद्द, रिहा हुए 11 दोषी फिर जाएंगे जेल, दिए 2 हफ्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/दाहोद

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया और पूछा कि क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है, चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर बानो के कुछ रिश्तेदारों ने दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया में पटाखे चलाए।

शीर्ष अदालत ने मामले पर अपने 251 पन्नों के फैसले में कहा कि बिना सोचे समझे सजा माफी का आदेश दिया गया। फैसले का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस ⏭ शेष पेज 7 पर



> *गुजरात के गोधरा में उम्र कैद की सजा काट रहे 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया गया था। ये सभी बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात सरकार के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने 2 हफ्ते के भीतर सभी आरोपियों को सरेंडर करने का आदेश दिया है।*

### किस कानून के तहत मिली थी माफी

- संविधान के अनुच्छेद 72 और 161 में राष्ट्रपति-राज्यपाल को सजा कम करने, माफ करने की शक्ति है।
- 11 दोषी में एक राधेश्याम शाह ने सुप्रीम कोर्ट में सजा माफी के लिए दायर की थी याचिका
- सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को याचिका पर फैसला लेने को कहा था
- गुजरात सरकार ने एक कमेटी गठित की थी, इसने माफी की याचिका स्वीकार कर ली



### फिर क्यों जाएंगे जेल

बिलकिस बानो ने गुजरात सरकार के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सरकार के इस आदेश को किसी भी अन्य सरकारी आदेश की तरह ही चुनौती दी जा सकती है। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी 11 दोषियों की सजा पर मिली छूट को रद्द कर दिया।

### ये हैं 11 आरोपी

11 आरोपियों को दोषी ठहराया गया था उनमें जसवंतभाई नाई, गोविंदभाई नाई, नरेश कुमार मोरधिया (मृतक), शैलेष भट्ट, राधेश्याम शाह, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, प्रदीप वोहानिया, बाकाभाई वोहानिया, राजूभाई सोनी, नितेश भट्ट, रमेश चंदना और हेड कांस्टेबल सोमाभाई गोरी शामिल थे।

### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

- दोषियों की सजा माफ करने के अनुरोध वाली अपीलों पर विचार करना गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं था क्योंकि यह सीआरपीसी की धारा 432 के तहत (इस संबंध में फैसले लेने के लिए) उपयुक्त सरकार नहीं थी।
- शीर्ष अदालत ने सजा में छूट पाए दोषियों में से एक की याचिका पर गुजरात सरकार को विचार करने का निर्देश देने वाली अपनी एक अन्य पीठ के 13 मई, 2022 के आदेश को 'अमान्य' माना।
- सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया।
- गुजरात सरकार ने महाराष्ट्र राज्य की शक्तियों में 'अतिक्रमण' किया क्योंकि केवल महाराष्ट्र सरकार ही सजा से छूट मांगने वाले आवेदनों पर विचार कर सकती थी।
- गुजरात राज्य की 9 जुलाई 1992 की सजा से छूट संबंधी नीति मौजूदा मामले के दोषियों पर लागू नहीं होती।

### प्रियंका बोलीं- अंततः न्याय की जीत

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। सीपीआई(एम) नेता बृंदा करात ने फैसले पर राहत जताते हुए कहा कि कम से कम, अभी कुछ न्याय की उम्मीद बची हुई है। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि 'बिलकिस बानो ने अपने दम पर न्याय की लड़ाई लड़ी।

## डीजीसीए की नई गाइडलाइन

# पायलट अब करेंगे 48 घंटे का विश्राम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विमानन सुरक्षा नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने चालक दल के सदस्यों के लिए उड़ान ड्यूटी समय सीमा को संशोधित करते हुए साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ा कर 48 घंटे कर दी है। रात्रि में 'लैंडिंग' की संख्या पूर्व के छह की तुलना में घटा कर केवल दो कर दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ये नियम एक दशक से अधिक समय से थकान संबंधी विमानन सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण हैं। बयान में कहा गया है कि एयरलाइन को संशोधित नियमों का एक जून तक अनुपालन करने की जरूरत है। डीजीसीए ने पायलट थकान रिपोर्ट का विश्लेषण किया है।

### पहले हर हफ्ते था 36 घंटे

एयरलाइन संचालकों, पायलट संघों एवं व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों से प्रतिक्रिया लेने और डेटा का व्यापक विश्लेषण करने के बाद संशोधित नियम तैयार किये गए हैं। संशोधित नियमों में, चालक दल के सदस्यों के लिए साप्ताहिक आराम की अवधि 36 घंटे से बढ़ा कर 48 घंटे कर दी गई है।

### रात की अवधि 6 बजे तक

इसके अलावा, रात की परिभाषा में संशोधन किया गया है और अब इसके दायरे में रात्रि 12 बजे से सुबह छह बजे की अवधि होगी, जबकि पूर्व में यह अवधि रात्रि 12 बजे से सुबह पांच बजे तक की थी। बयान के अनुसार, रात्रिकालीन परिचालन के दौरान पूर्ववर्ती नियमों के तहत अनुमति प्राप्त अधिकतम छह 'लैंडिंग' की संख्या को अब केवल दो तक सीमित कर उड़ान सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस की प्रधानमंत्री बोर्न ने दिया इस्तीफा



**पेरिस।** फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने इस्तीफा दे दिया। बोर्न ने कुछ विदेशियों को वापस स्वदेश भेजने के सिलसिले में सरकार की शक्तियां बढ़ाने संबंधी विवादास्पद आव्रजन कानून पर राजनीतिक तनाव के बाद इस्तीफा दिया है।

### 'जल्लीकट्टू' कानून की वैधता पर होगा विचार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'जल्लीकट्टू' को अनुमति देने के लिए राज्य की ओर से कानून में किए गए संशोधनों की वैधता को बरकरार रखने वाले अपने 2023 के फैसले की समीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गया।

### पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर चंद्रमा की ओर रवाना



**केप केनवेरल।** पचास से अधिक वर्षों में पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर सोमवार को चंद्रमा की ओर रवाना हुआ। इससे नासा और अन्य ग्राहकों के लिए सेवा प्रदायगी के वास्ते निजी कंपनियां अंतरिक्ष की दौड़ में शामिल हो गई हैं।

### देश में कोविड के 605 नए मामले



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 605 नए मामले मिले। उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 4,002 हो गई है। कुल चार संक्रमितों की मौत हुई है जिनमें केरल के दो और कर्नाटक तथा त्रिपुरा का एक-एक रोगी शामिल है।

### अमिताभ ने की लक्षद्वीप अंडमान की तारीफ



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच अमिताभ बच्चन ने भारत की आत्मनिर्भरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अंडमान अद्भुत रूप से सुंदर स्थान हैं।

# भूपेश के पिता नंद कुमार बघेल नहीं रहे, अंतिम संस्कार कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल (89) का सोमवार को सुबह 6 बजे निधन हो गया। श्री बघेल पिछले 3 माह से राजधानी के श्री बालाजी हॉस्पिटल में भर्ती थे। हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि नंद कुमार बघेल लंबे समय से अस्वस्थ थे और कमजोर हो गए थे। उन्होंने सोमवार को आखिरी सांसें लीं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ⏭ शेष पेज 7 पर

- **मोदी, शाह, खड़गे और राहुल सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया**

**पिता के निधन की खबर मिलते ही दिल्ली से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**



### राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री बघेल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हुतात्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

# मंत्री बनाकर मैदान में उतारा, फिर भी हारे

- राजस्थान विधानसभा चुनाव, कांग्रेस के रूपेंद्र सिंह कुन्नर को मिली जीत

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर सीट पर भाजपा को बड़ा झटका लगा है। यहां भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर से 12 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए हैं। सरकार बनने के एक महीने बाद ही भाजपा को करणपुर विधानसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा है। चुनावी नतीजे से सरकार की सेहत पर ⏭ शेष पेज 7 पर

### काम नहीं आया भाजपा का दांव

हालांकि इस सीट पर चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने भी पूरा जोर लगाया था। पार्टी ने अपने प्रत्याशी को जीत से पहले ही मंत्री बनाकर जीत की उम्मीद बढ़ा दी थी। सुरेंद्र पाल सिंह को पार्टी ने चार विभागों जिम्मा भी सौंपा था, लेकिन भाजपा का यह दांव काम नहीं आ सका।

## ड्राई फ्रूट्स बाजार में पहली बार कीमतों में राहत की मिठास

# काजू-बादाम धड़ाम, दाम घटे, 680 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

मिठाई में डालने वाला बारीक पिस्ता इतिहास में पहली बार रिकॉर्ड 36 सौ रुपए पर पहुंच गया है। दो माह पहले इसकी कीमत 18 सौ रुपए के करीब थी, लेकिन अब कीमत डबल हो गई है, लेकिन बाकी ड्राई फ्रूट्स की कीमत जमीन पर आ गई है। इस समय बाजार में काजू और बादाम की कीमत 12 साल पुराने स्तर पर पहुंच गई है। काजू और बादाम दोनों की कीमत इस समय 680 रुपए किलो है। इसी के साथ किशमिश 150 से 300 रुपए, अखरोट 800, अंजीर पांच से छह सौ रुपए किलो है। दाम कम होने का कारण यह है कि इस बार इन सब ड्राई फ्रूट्स की भरपूर फसल हुई है। ऐसे में बाजार में भारी मात्रा में स्टॉक है।

कारोबारी श्रीराम सेवलानी का कहना है, ड्राइफ्रूड्स में अरसे बाद ऐसी गिरावट आई है। अलबत्ता पिस्ता का गणित कुछ दूसरा है। इसके दाम बढ़ने का कारण यह है कि एक तो इसकी फसल कम है और दूसरे डिमांड ज्यादा और सप्लाई कम है। ⏭ शेष पेज 7 पर



### मिठाई में डालने वाला पिस्ता 3600 रुपए किलो

कारोबारियों के मुताबिक इस बार बारीक पिस्ते की नई फसल बहुत कम हुई है। इसकी वजह से अफगानिस्तान, तुर्की और ईरान से पिस्ते की सप्लाई कम आ रही है। जहां तक डिमांड का सवाल है, तो लगातार शादियों के सीजन के कारण डिमांड ज्यादा होने से कीमत लगातार बढ़ती गई। पहले कीमत दो हजार के पार हुई, इसके बाद कीमत ने तीन हजार का अंक पार किया और अब कीमत 36 सौ पहुंचकर चार हजार की तरफ जा रही है। आने वाले समय में कीमत चार हजार तक जा सकती है।




*राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाला है। इस आयोजन को लेकर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उत्सव का माहौल है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सऊदी अरब के साथ-साथ दुनिया के 160 देशों में आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा जैसे कई देशों में मंदिरों में पूजा पाठ का आयोजन, शोभा यात्रा और मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा।*

# 160 देशों में दिखेगी रामजी की मंगला आरती और उत्सव की झलक

## 2 मुस्लिम राष्ट्र में भी दिखेगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं। विश्व हिंदू परिषद ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के विश्व भर के देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रमों को वहां लाइव दिखाया जायेगा। कार्यक्रमों की बात करें तो शहरों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने की तैयारी है।

### टाइम जोन का रखा जाएगा ध्यान

आलोक कुमार ने बताया जर्मनी जैसे देश जहां टाइम जोन के हिसाब से समय अनुकूल है, वहां लाइव देखा जायेगा। अमेरिका जैसे देश जहां टाइम जोन अनुकूल नहीं है वहां पर मंगला आरती का कार्यक्रम सामूहिक रूप से देखा जायेगा। इसके अलावा आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया है। वहीं, भारत में 10 करोड़ से ज्यादा परिवारों के घरों में अक्षत पहुंचाया जाएगा। कुमार ने बताया कि हमारा 5 लाख जगहों पर लाइव स्ट्रीमिंग का लक्ष्य था, लेकिन अब लग रहा है उस से ज्यादा जगह कार्यक्रम होगा।



### टाइम्स स्क्वायर पर होगा प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देश में ही नहीं विदेश में भी होगा। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसारण विभिन्न देशों में भारतीय दूतावासों में भी किया जाएगा। इस अवसर पर पीएम मोदी रामभक्तों को संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी समारोह की तैयारियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उन्होंने उन अनुष्ठानों और नियमों के बारे में भी विस्तृत जानकारी मांगी है जिनका उन्हें पालन करना आवश्यक है।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय

*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त निकाला गया है। ये समय 22 जनवरी 2024 को 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। यह मंदिर तीन मंजिला है, जिसकी प्रत्येक मंजिल 20 फीट ऊंची है। इसमें कुल 392 खंभे और 44 दरवाजे हैं।*

## खबर संक्षेप

### मायावती ने पार्टी दफ्तर की सुरक्षा को बताया खतरे में



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में बसपा के राज्य मुख्यालय के पास बने पुल को पार्टी कार्यालय की सुरक्षा के लिये खतरा करार देते हुये प्रदेश सरकार से बसपा कार्यालय को किसी 'सुरक्षित स्थान' पर ले जाने की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मायावती के इस बयान पर पलटवार करते हुए बसपा को भाजपा से मिली हुई पार्टी बताया और कहा कि पार्टी नेतृत्व को अगर लगता है कि उसकी सुरक्षा को खतरा है तो वह केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखकर इस पुल को तुड़वा दे।

### पाक : खैबर पख्तूनख्वा में बड़ा हमला, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। धमाके में 20 से ज्यादा लोगों के घायल होने की भी खबर है। हमला पुलिस प्रोटेक्शन टीम को निशाना बनाकर किया गया था। हमला उस वक्त किया गया, जब बाजौर जिले में एंटी पोलियो अभियान में ड्यूटी पर लगी पुलिस टीम को ट्रक में ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आईईडी धमाके में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। घायलों को बाजौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कई की हालत गंभीर है।

### ईडी ने किया सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि उनकी अर्जी को देखकर पता चलता है कि उन्हें राहत देने के बारे में सोचने की कोई जरूरत नहीं है। इसने कहा कि याचिकाकर्ता बहुत प्रभावशाली और शक्तिशाली हैं तथा जमानत मिलने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं या गवाहों को धमका सकते हैं।



*बिलकीस और उसके परिवार के साथ 3 मार्च 2002 को की गई थी दरिंदगी*

# निर्मम पिटाई, सामूहिक दुष्कर्म मासूम को पटककर मार डाला

*21 साल से भी ज्यादा पुराना बिलकीस बानो मामला एक बार फिर चर्चा में है। सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने इस मामले के 11 दोषियों की रिहाई का गुजरात सरकार का फैसला रद्द कर दिया। ये सभी दोषी गुजरात के गोधरा में साम्प्रदायिक हिंसा के दौरान बिलकीस बानो नाम की महिला से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। इन्हें 15 अगस्त 2023 को गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था। उच्चतम न्यायालय कहा कि दोषियों को रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था। आइए जानते हैं, कौन है बिलकीस बानो व उनके साथ क्या हुआ था?*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### एक बार फिर चर्चा में है 21 साल से भी ज्यादा पुराना केस

### सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो कांड के आरोपियों की रिहाई की है रद्द

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गोधरा स्टेशन के पास आगजनी से अयोध्या से लौट रहे 59 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद भड़के दंगों में परिवारों में एक बिलकीस बानो का भी परिवार था। गोधरा कांड के चार दिन बाद तीन मार्च 2002 को बिलकीस के परिवार के साथ बेहद क्रूरता का मामला करना पड़ा। उस वक्त 21 साल की बिलकिस के परिवार में बिलकीस और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी के साथ 15 अन्य सदस्य भी थे। दंगाइयों ने बिलकीस के परिवार के सात लोगों को मौत के घाट उतारा दिया था।




दाहोद जिले के राधिकपुर गांव में बिलकीस बानो का परिवार रहता था। दंगा बढ़ते देख परिवार ने गांव छोड़कर भागने का फैसला लिया। उस वक्त बिलकीस पांच महीने की गर्भवती थीं। वह अपने साढ़े तीन साल की बेटी सालेहा और परिवार के 15 अन्य सदस्यों के साथ गांव से भाग गई थीं। 3 मार्च 2002 को परिवार चप्परवाड़ गांव में छुपा था, वहां सजा पाने वाले 11 दोषियों समेत करीब 20-30 लोगों ने हमला कर दिया था। उसी दौरान, पांच माह की गर्भवती बिलकीस के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी साढ़े तीन साल की बेटी को चट्टान पर पटक कर मार डाला गया था। 'बिलकिस की मां और चचेरी बहन के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। चार नाबालिग भाई-बहन, उनकी चचेरी बहन का दो दिन का बच्चा...चाची-चाची, अन्य चचेरे भाई-बहनों की हत्या कर दी गई।' हालांकि 14 मौतें हुईं, केवल सात के शव ही बरामद किए जा सके, क्योंकि जिस स्थान पर घटना घटी वह सुरक्षित नहीं था। इस हमले में केवल बिलकीस, उनके परिवार के पुरुष सदस्य और एक तीन साल का बच्चा बच सका था। घटना के बाद बिलकीस कम से कम तीन घंटे तक बेहोश रहीं। होश में आने के बाद उन्होंने एक आदिवासी महिला से कपड़े उधार लिए और बाद में लिमखेड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### सीबीआई जांच के आदेश

गोधरा राहत शिविर में पहुंचने के बाद ही बिलकिस को जांच के लिए एक शासकीय अस्पताल ले जाया गया। कुछ दिनों बाद उनका मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और सुप्रीम कोर्ट तक गया। यहां से मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। इसके बाद जनवरी 2008 में एक विशेष अदालत ने 11 आरोपियों को दुष्कर्म, हत्या, गैर कानूनी रूप से इकट्ठा होने समेत अन्य धाराओं में दोषी ठहराया गया। इस मामले में सजा काट रहे 11 दोषियों को 15 अगस्त 2023 को रिहा कर दिया गया था जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती मिली।

*सीट बंटवारे पर कांग्रेस और आप की बैठक*

# एकजुट होकर भाजपा को चुनौती देने पर दिया जोर

*सीट शेयरिंग पर नहीं हुआ फैसला*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर चर्चा के लिए सोमवार को यहां बैठक की और इस बात पर जोर दिया कि वे एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति के सदस्यों के साथ 'आप' के नेताओं संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस की ओर से गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कुछ अन्य नेता शामिल हुए। दोनों दलों के नेताओं ने सीट बंटवारे को लेकर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की, हालांकि उनका कहना था कि दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

### कई मुद्दों पर हुई चर्चा

आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वासनिक ने कहा कि चुनाव से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, "हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों को लेकर बैठक की। बातचीत जारी रहेगी और हम फिर मिलेंगे। उसके बाद ही हम सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लेंगे। हर चीज पर विस्तार से चर्चा हुई। हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे। हम भाजपा को शिकस्त देंगे।" वासनिक ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर जल्द फैसला होगा। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ है तथा उसने गुजरात विधानसभा चुनाव में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। सूत्रों का कहना है कि आम आदमी पार्टी गुजरात और हरियाणा में भी कांग्रेस से सीटों की अपेक्षा रखती है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई प्रमुख नेता प्रदेश में आप के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा था कि आप के साथ गठबंधन पर फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। पंजाब में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। पिछले लोकसभा चुनाव में उसने प्रदेश की 13 में से आठ सीटें जीती थीं।

# सफाई देने मालदीव के उच्चायुक्त पहुंचे भारतीय विदेश मंत्रालय

## प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी को लेकर मामला तेजी से गरमाता जा रहा है। इस मामले को लेकर सोमवार को दिल्ली के साउथ ब्लॉक में स्थित भारतीय विदेश मंत्रालय ने मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम साहिब को तलब किया है। इस मामले में रविवार को मालदीव सरकार ने तीन डिप्टी मंत्रियों को निलंबित कर दिया। ये तीनों ही मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। इस मामले में मालदीव सरकार ने युवा मंत्री मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम माजिद को निलंबित किया गया है।



**भारतीय उच्चायुक्त ने मालदीव में उठाया मुद्दा :** नई दिल्ली में एक आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि माले में भारतीय उच्चायुक्त ने रविवार को मालदीव के विदेश मंत्रालय के सामने इस मुद्दे को उठाया था। मालदीव के मंत्रियों द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणियों की भारत में काफी आलोचना हुई है। वहीं कई मशहूर हस्तियों ने लोगों से मालदीव जाने के बजाय घरेलू पर्यटन स्थानों पर जाने का आग्रह किया है।

### यह है मामला

दरअसल, दो जनवरी को पीएम मोदी ने केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप का दौरा किया था और इस दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर किए थे। उन्हंने स्नॉर्कलिंग पर हाथ आजमाने के अपने अनुभव को भी उल्लेख किया था। पीएम मोदी के इस पोस्ट पर लक्षदीप की मंत्री मरियम शिउमा ने भारत के प्रधानमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी के साथ उनका मजाक उड़ाया था। उनकी पोस्ट में पीएम मोदी की लक्षद्वीप दौरे की तस्वीरें भी थी। हालांकि, पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर, पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहीद समेत मालदीव के कई अन्य नेताओं ने निंदा की है। विदेश मंत्री मूसा जमीर ने इस हरकत को अस्वीकार्य बताया है।

## मालदीव के लिए ईज मॉय ट्रिप ने की सभी फ्लाइट्स की बुकिंग कैंसिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लक्षद्वीप में टूरिज्म को बढ़ावा देने की अपील के बाद देश में बायकॉट मालदीव कैंपेन चल रहा है। मालदीव के मंत्रियों द्वारा पीएम की गई भारत विरोधी अभद्र टिप्पणियों को लेकर ट्रैवल कंपनियों ने राष्ट्र के साथ एकजुटता दिखाई है। सोमवार को ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रिप ने बताया कि पीएम की विजिट के बाद उनके प्लेटफॉर्म पर लक्षद्वीप को लेकर सर्चिंग में 3400 फीसदी का उछाल आया है। वहीं, एक अन्य ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ईज मॉय ट्रिप भी मालदीव के लिए सभी फ्लाइट्स की बुकिंग कैंसिल करने का ऐलान कर चुकी है। कंपनी के को-फाइंडर और सीईओ निशांत पिट्टी ने कहा कि राष्ट्र के साथ एकजुटता के लिए हमने मालदीव के लिए सभी बुकिंग कैसिंल की हैं।

# अमेरिका में खालिस्तानियों की हरकत इंडियन कॉन्सुलेट का रोका रास्ता

*पन्नू के प्रतिबंधित संगठन की हरकत*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका दौरे पर गई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम को चुनौती देते हुए, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के प्रतिबंधित संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्सुलेट का रास्ता रोक दिया है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि इसके लिए उसने एक झांकी का इस्तेमाल किया जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का चित्रण किया गया है। इसमें उसने गोलियां दागते हुए सतवंत सिंह और बेअंत सिंह को 'शहीद' बताया है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने कहा कि वे 'अपने समकक्षों से बात करेंगे।



### कनाडा में हुई थी आतंकी निज्जर की हत्या

हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 को कनाडा के सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी थी। वह प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था और 2020 में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत भारत सरकार द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था. इस घटना के बाद से आतंकी पन्नू मामले को उठा रहा है।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

*गणतंत्र दिवस परेड को लेकर आईएएफ ने दी जानकारी*

# भारतीय वायुसेना दल का हिस्सा बनेंगी अब महिला अग्निवीर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला अग्निवीर वायु सैनिक इस साल के गणतंत्र दिवस परेड के लिए भारतीय वायु सेना दल का हिस्सा होंगी। भारतीय वायु सेना की तरफ से यह जानकारी दी गई। बता दें कि इस साल होने वाले गणतंत्र दिवस के परेड में कुल 2,274 कैडेट दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें महिला कैडेटों की भागीदारी बढ़ेगी। रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में बताया कि पूर्वोत्तर की 45 लड़कियों वाला एक बैंड पहली बार इस शिविर में भाग ले रहा है। इस बैंड के सदस्य 13 से 15 आयु वर्ग के हैं, जो पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। देश के हर कोने तक एनसीसी की पहुंच का प्रदर्शन करते हैं। पिछले

### दो महिला टुकड़ी करेंगी मार्च

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में रक्षा बलों की दो महिला टुकड़ियों के मार्च करने का कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, 144 कर्मियों सहित एक टुकड़ी में सभी महिला सैनिक मौजूद होंगी, जिनमें 60 सेना से और शेष भारतीय वायु सेना और नौसेना से रहेंगी। वहीं, एक अन्य महिला दल सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय से होगा, जिसमें सैन्य नर्सिंग सेवाओं की नर्सें शामिल होंगी और परेड में उनका नेतृत्व महिला डॉक्टर करेंगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

रायपुर
मंगलवार, 9 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 22, अंक : 173
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.6
न्यून. 16.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



03 ब्रेकअप, इमोशनली बहुत कठिन था
विचार पेज
02 हसीना सरकार की वापसी सुखद




# अब उद्यानिकी विश्वविद्यालय भर्ती में गड़बड़ी, शिकायत पर प्रक्रिया रोकी, बनी जांच समिति

*महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि सांकरा का मामला*

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने राज्य की महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि सांकरा, पाटन में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को स्थगित रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने कहा है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि भर्ती में की गई गड़बड़ी की पूरी जांच कराई जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि में 35 सहायक प्राध्यापकों की भर्ती में दोष पूर्ण प्रक्रिया तथा प्रबंध मंडल के गठन में की गई अनियमितता को लेकर कई शिकायतें आई थीं। मंत्री ने शिकायतों को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए तैयार किए गए स्कोर कार्ड में भारी गड़बड़ी की जानकारी आई थी। यूजीसी गाइड लाइन के अनुसार पीएचडी और नेट क्वालिफाई करने वालों को पृथक-पृथक अतिरिक्त अंक देने का प्रावधान करना था। ऐसा नहीं करने के कारण कई पीएचडी डिग्रीधारी लोगों का चयन नहीं हो पाया। वहीं गैर पीएचडी वालों का चयन भारी संख्या में हुआ है।

## कृषि मंत्री ने शिकायत के बाद बनाई समिति, एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

### चयन समिति गठन, विद्यार्थियों ने प्रक्रिया को बताया दोष पूर्ण

विद्यार्थियों ने कृषिमंत्री से चयन समिति के गठन की प्रक्रिया के दोष पूर्ण होने की भी शिकायत की। चयन समिति में कुल सचिव को साक्षात्कार में अंक देने का प्रावधान था, लेकिन कुछ अभ्यर्थियों को कुलसचिव द्वारा अंक देने से रोक दिया गया। सहायक प्राध्यापक पद की नियुक्तियों के लिए अनुमोदन देने बनाई गई प्रबंध समिति का गठन त्रुटिपूर्ण था।



चयन समिति

### विषय विशेषज्ञों को रखा बाहर

चयन के लिए बनाई समिति में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति अधिनियम के अनुसार नहीं की गई थी। विषय विशेषज्ञ न होने के कारण पीएचडी और गैर पीएचडी वाले अभ्यर्थियों को अन्य के मुकाबले कम नंबर देने की शिकायत आई है। वहीं प्रदेश के पीएचडी डिग्री वाले लोगों को कम नंबर देकर अन्य राज्यों के लोगों की भर्ती कर ली गई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री पुरस्कार के प्रारूप में बदलाव



**नई दिल्ली।** लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 के लिए योजना की रूपरेखा में बदलाव किया गया है। लक्षित लाभार्थियों और सरकार के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों के कार्य प्रदर्शन को चिह्नित किया जा सके।

### दंपती की कुएं में गिरने से मौत



**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में कुएं में गिरने से एक युगल की मौत हो गई। कल्याणपुरा गांव में खेत पर रखवाली करने वाले कैलाश बंजारा की पत्नी सुगना पैर फिसल जाने से रविवार को कुएं में गिर गयी, जिसे बचाने के लिये वह भी कुएं में कूद गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों की डूबने से मौत हो गयी।

### पूर्व मंत्री बलभद्र माझी ने बीजद से दिया इस्तीफा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री बलभद्र माझी ने सोमवार को सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दे दिया। माझी पांच बार विधायक रह चुके हैं।उन्होंने यह कदम राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही होने वाले विधानसभा चुनाव से महज कुछ महीने पहले उठाया है।

### तमिलनाडु में भारी बारिश स्कूलों में छुट्टी घोषित



**चेन्नई।** तमिलनाडु में उत्तरी क्षेत्र समेत कई हिस्सों में रातभर बारिश हुई, जिसके कारण अधिकारियों को कई जिलों में सोमवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित करनी पड़ी। चेन्नई और पड़ोसी चेंगलपट्टू और कांचीपुरम के अलावा विल्लुपुरम, कल्लाकुरीची, कडलूर, नागपत्तिनम और तिरुवरुर में अच्छी बारिश हुई। चेंगलपट्टू, रानीपेट, वेलूर और कल्लाकुरीची सहित कई जिलों के स्कूलों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई।

*प्रधानमंत्री ने नक्सल प्रभावित बस्तर को टटोला, बस्तरिया युवती से पूछे सवाल*

# मोदी ने पूछा- दिल्ली की योजनाएं बस्तर पहुंची या नहीं, जवाब- सबका मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/कांकेर

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने के लिए छत्तीसगढ़ की एक आदिवासी महिला की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।*

प्रधानमंत्री से संवाद के दौरान कांकेर के एक किसान परिवार से संबंध रखने वाली महिला भूमिका भूआराया ने बताया कि वह अपने गांव में 29 वन धन समूहों में से एक में सचिव के रूप में काम करती हैं। महिला ने बताया कि उन्होंने वन धन योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जल जीवन, मनरेगा कार्ड, राशन कार्ड और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भूमिका की जागरूकता से प्रभावित प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे अनुभवों से सरकार को लोगों के लिए काम करने में काफी हद तक मजबूती मिलती है। उन्होंने समय पर राशन की उपलब्धता के बारे में भी भूआराया से जानकारी ली। उत्सुक होकर प्रधानमंत्री ने उनसे सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के उनके स्रोत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका परिवार और माता-पिता ही इसके स्रोत हैं।

उत्तर बस्तर कांकेर जिले की भूमिका से प्रधानमंत्री मोदी ने की चर्चा

भूमिका ने बताया, वन धन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ

बस्तर में महुआ लड्डू और आंवले के अचार उत्पादन की दी जानकारी





### *माता पिता से मिली योजनाओं की जानकारी*

*प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान कांकेर की भूमिका ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि का भी लाभ मिल रहा है। भूमिका ने बताया कि योजनाओं की जानकारी माता पिता के माध्यम से मिली। वह और उनका छोटा भाई कॉलेज में अध्ययनरत हैं।*

### यूपी की स्वसहायता समूह की आय 1 करोड़

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के लक्ष्मी प्रजापति ने प्रधानमंत्री को अपने लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के बारे में बताया जिसमें 12 सदस्य और लगभग 75 सहयोगी शामिल हैं और इनकी सामूहिक वार्षिक आय लगभग 1 करोड़ रुपए है। प्रजापति का परिवार टेराकोटा रेशम के व्यवसाय से जुड़ा है।

### किसान की आय 20 हजार से हुई डेढ़ लाख

आइजोल में जैविक खेती करने वाले किसान शुय्या राल्टे ने प्रधानमंत्री को अदरक, मिजो मिर्च और अन्य सब्जियों के उत्पादन और उन्हें दिल्ली स्थित कंपनियों को अपनी उपज बेचने का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इससे उनकी आय 20,000 रुपए से बढ़कर 1,50,000 रुपए हो गई।

### पंजाब में संगठित हो गए किसान

कार्यक्रम के दौरान पंजाब के गुरदासपुर के गुरविंदर सिंह बाजवा ने प्रधानमंत्री को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि कृषि क्षेत्र में सर्वोत्तम संभवित लाभ पाने के लिए किसान छोटे समूहों में संगठित हो गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि उनका किसानों का समूह हर प्रकार के दुष्प्रभाव से मुक्त खेती पर काम कर रहा है और इसके लिए उन्हें मशीनरी पर सब्सिडी भी मिली है। उन्होंने बताया, इससे छोटे किसानों को पराली प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य में भी मदद मिली। बाजवा ने प्रधानमंत्री को बताया कि 'मोदी है तो मुमकिन है' और इसी वजह से लोगों में बहुत उम्मीदें भी जगी हैं।

बांग्लादेश में हासिल की 223 सीट

# जीत के बाद बोलीं शेख हसीना-भारत सच्चा दोस्त



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के आम चुनावों में शेख हसीना की 'अवामी लीग' ने भारी बहुमत हासिल कर ली है। इसके साथ ही शेख हसीना बांग्लादेश की सत्ता बरकरार रह गई। वो लगातार तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं और चौथी बार भी 299 सीटों के लिए हुए मतदान में 223 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी कर ली। एक उम्मीदवार के निधन के कारण 299 सीट पर चुनाव हुये थे। इस सीट पर मतदान बाद में होगा। जीत के बाद मीडिया से बातचीत में शेख हसीन ने भारत को सच्चा दोस्त बताया।

### शानदार जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

बांग्लादेश के चुनाव में मिली शानदार जीत पर पीएम मोदी ने भी शेख हसीना को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं बांग्लादेश के लोगों को चुनाव सफलपूर्वक संपन्न कराने के लिए बधाई देता हूं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ अपनी स्थायी और जन-केंद्रित साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### *भारत के साथ दोस्ती पर बांग्लादेशी प्रधानमंत्री*

*प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आम चुनावों में मिली बड़ी जीत के बाद कहा, भारत ने 1971 में और 1975 में भी हमारा समर्थन किया था। परिवार के सदस्यों की हत्या के छह साल बाद, भारत ने मुझे, मेरी बहन और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को आश्रय दिया था।*

विधानसभा जीतने पर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन

# पांच साल में पूरी करेंगे पीएम मोदी की हर गारंटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी के संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में भाजपा नेताओं ने जहां विधानसभा चुनाव में जीतकर प्रदेश में सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया, वहीं लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की ग्यारह की ग्यारह सीट जीतने के लिए कमर कसने की बात कही। इस कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा, प्रदेश प्रभारी ओम ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पूरी दुनिया मोदी को मानने लगी : माथुर

छत्तीसगढ़ के भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि जब मैं पहली बार प्रभार मिलने के बाद छत्तीसगढ़ आया तो लोग कहते थे कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो सरकार बन सकती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में नहीं, किन्तु जब मैंने राज्य का दौरा किया और कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली तो सरकार के प्रति इतना गुस्सा था कि मुझे विश्वास हो गया कि सरकार भाजपा की बनेगी।

### सत्ता हमारे लिए सेवा का जरिया : साव

समारोह को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरूण साव ने भी संबोधित किया। श्री साव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमें छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत मिली है। आपने बहुत संघर्ष किया उत्पीड़नें झेली, लाठी खाई तभी सरकार बन पाई है। सत्ता हमारे लिए लोगों की सेवा का एक जरिया भर है, हम जनता का काम करते रहेंगे। भाजपा के इस कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में राज्य सरकार के मंत्री ओपी चौधरी व लखनलाल देवांगन ▶▶ शेष पेज 7 पर

*8 से 11 जनवरी तक प्रदर्शन*

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए 'हंगर स्ट्राइक' पर बैठे रेलवे के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली समेत यूपी बिहार में पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेल कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। ये हड़ताल 8 से 11 जनवरी के बीच चलने वाली है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जंतर मंतर के साथ ही अपने प्रशासनिक कार्यालयों पर भी भूख हड़ताल कर रहे हैं। पुरानी ▶▶ शेष पेज 7 पर



### 9 से 5 बजे तक चलेगी ये हड़ताल

8 से 11 जनवरी को होने वाली यह भूख हड़ताल सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। इसमें रक्षा, शिक्षक और अन्य संस्थाओं के कर्मचारी भी शामिल होंगे।

### पहले भी कर चुके हैं हड़ताल

रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाली की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नई पेंशन योजना उनके लिए असुरक्षित है। एनपीएस के तहत, पेंशन की राशि बाजार की स्थितियों से प्रभावित होती है।

# ऑनलाइन गेमिंग : 28 फीसदी जीएसटी पर केंद्र से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के खिलाफ ई-गेमिंग फेडरेशन की याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य संबद्ध पक्षों से से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करने से पहले फेडरेशन की ओर से पेश वरिष्ठ ▶▶ शेष पेज 7 पर

### *जीएसटी परिषद ने लागू की जीएसटी दरें*

*जीएसटी परिषद ने पिछले साल जुलाई में अपनी एक बैठक में सिफारिश की थी कि कसीनो और घुड़दौड़ के साथ-साथ ऑनलाइन गेमिंग पर एक समान दर से कर लगाया जाए। जीएसटी परिषद ने निर्णय लिया था कि 'कौशल के खेल' और 'किस्मत के खेल' के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए।*

इतिहास में दूसरी बार होगा मतदान, 237 मतदाता चुनेंगे पदाधिकारी

**एक माह के अंदर हो जाएंगे चुनाव**

# छत्तीसगढ़ सराफा का चुनाव पहली बार पांच चुनाव अधिकारी कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव कराने के लिए आमसभा में पांच चुनाव अधिकारी रखने पर सहमति बनी है। हर संभाग से एक चुनाव अधिकारी रखा जाएगा। इसके पहले दो ही चुनाव अधिकारी चुनाव करवाते रहे हैं। एसोसिएशन के इतिहास में जहां दूसरी बार मतदान से चुनाव होगा, वहीं पहली बार ऐसा हुआ है, जब आमसभा वाले दिन पदाधिकारियों का चयन नहीं हो सका है। आमतौर पर आमसभा में आम सहमति से ही पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव हो जाता था, लेकिन इस बार आमसभा मे भारी घमासान हुआ और 9 घंटों तक चली आमसभा के बाद चुनाव कराने पर सहमति के साथ ▶▶ शेष पेज 7 पर


सराफा एसोसिएशन की सभा में जमकर हंगामा
चुनाव ही होगा, 30 साल में ऐसी नौबत दूसरी बार

### *पांच संभागों से बनेंगे चुनाव अधिकारी*

*चुनाव की प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए पांच संभागों से चुनाव अधिकारी रखे जाएंगे। पहले जो चुनाव अधिकारी रखे गए हैं। एक चुनाव अधिकारी रायपुर संभाग से रायपुर के मंगेलाल मालू और दूसरे दुर्ग संभाग के राजनांदगांव के उमेद मल कोठारी हैं। अब तीन और चुनाव अधिकारी बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग से बनाए जाएंगे। इनका चयन भी सर्वसम्मति से होगा, किसी को किसी चुनाव अधिकारी के नाम पर आपत्ति होगी, तो उनको बदला भी जा सकेगा।*

### पूरी प्रक्रिया से होगा चुनाव

एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल बरड़िया ने बताया, आमसभा में तय किया गया है कि पूरी प्रक्रिया से चुनाव कराया जाएगा। इसमें तीन पदों के लिए नामांकन होगा, इसके बाद नाम वापसी होगी और अंत में जो प्रत्याशी मैदान पर रहेंगे, उनका मतदान के साथ तय तिथि पर चुनाव होगा। एक माह के अंदर चुनाव कराने का प्रयास रहेगा। एक संघ के तीन पदाधिकारी मतदान करेंगे। 79 संघों का इस समय पंजीयन है।

## चिंतन

# सरकार अपने फैसले में न्यायपूर्ण रवैया अपनाए

सरकार को हमेशा संवैधानिक दायरे में न्यायपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए और कानून की गरिमा का पालन करना चाहिए। सरकार सभी नागरिकों को समान मानकर ही कोई फैसला करे, भारत जैसे विविध धर्म, संस्कृति, जाति, समुदाय वाले देश में तो सरकार की समदर्शी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। बिलकिस बानो केस में दोषियों की रिहाई के फैसले से गुजरात सरकार की किरकिरी हुई है। बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सजा काट रहे 11 दोषियों की जेल से रिहाई का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से इस बात के लिए गुजरात सरकार के निर्णय पर नाराजगी जाहिर की। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को रद कर और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश देकर कड़ा संदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह संदेश गुजरात सरकार ही नहीं, सभी उन सरकारों के लिए नजीर है, जो राजनीति से प्रेरित होकर न्यायपूर्ण व समदर्शी फैसले नहीं करती है। यह पहला मामला नहीं है जब सर्वोच्च अदालत में किसी राज्य की सरकार को अपने फैसले के लिए शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा हो। पूर्व के कई मामलों में शीर्ष अदालत में सरकारों की किरकिरी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या में शामिल 11 दोषियों को राज्य सरकार की ओर से दी गई छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो टूक कहा कि गुजरात सरकार को सजा माफी पर फैसले का अधिकार ही नहीं था। शीर्ष कोर्ट ने कहा, 'हर महिला सम्मान की हक़दार है, बिलकिस बानो केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, ऐसे में समय पूर्व रिहाई का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार ले सकती थी, बेशक दोषी गुजरात की जेल में सजा काट रहे थे, लेकिन गुजरात सरकार को सजा में छूट देने का अधिकार ही नहीं था'। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, 'राज्य, जहां अपराधी पर ट्रायल चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, वही दोषियों की माफी याचिका पर फैसला करने में सक्षम है। सक्षमता की कमी के कारण गुजरात सरकार द्वारा छूट के आदेश को रद किया गया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने 11 दिन की सुनवाई के बाद दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए केंद्र और गुजरात सरकार को 16 अक्टूबर तक 11 दोषियों की सजा में छूट संबंधी मूल रिकॉर्ड जमा करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल सितंबर में मामले की सुनवाई करते हुए पूछा था कि 'क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है?' किसी भी राज्य सरकार को दोषियों को सजा में छूट देने में 'चयनात्मक (सिलेक्टिव) रवैया' नहीं अपनाना चाहिए और प्रत्येक कैदी को सुधार तथा समाज के साथ फिर से जुड़ने का समान अवसर दिया जाना चाहिए। सरकारें अपनी जन विश्वसनीयता की रक्षा करें।

# हसीना सरकार की वापसी सुखद



बांग्लादेश
डॉ. रमेश ठाकुर

**बांग्लादेश में रविवार को हुए आम चुनाव में निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीटें जीती हैं। हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली है। बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का रास्ता साफ हो गया था। 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद ही हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शेख हसीना सरकार की वापसी हो गई है।**

बांग्लादेशी संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियां के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए गए, पर, चुनाव के दिन जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। औसत चुनाव मतदान ने संकेत दे दिए हैं कि हसीना फिर सत्ता में आएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनलपी के बहिष्कार के बीच आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि, बांग्ला चुनाव आयोग के उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ। समूचे बांग्लादेश में तकरीबन चालीस फीसदी वोटिंग रही। कई संसदीय क्षेत्रों में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें, या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि या विपक्ष के हिंसक तेवर से डरे लोग? फिलहाल जो नतीजे आए हैं, उसमें शेख हसीना की हुकूमत फिर से बन गई है। हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली है। हसीना के भारत से मधुर रिश्ते रहे हैं। दोनों देशों की कूटनीति सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हितों में हैं।

बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुछ 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। रिजल्ट के बाद वहां चुनाव करवाया जाएगा। इसके पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया, जहां रिजल्ट से पूर्व ही चुनाव करवाया जाएगा। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी 'बीएनपी' ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनावों में हो, जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती हैं। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज़िक्र किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहतान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। होती तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी।



'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हें भारत अपने प्रयास से करवा रहा है। चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया।

बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के रीति-रिवाज एक जैसे ही हैं। भारत की हुकूमत इस पड़ोसी मुल्क की तरक्की में सहयोग करने से कभी पीछे नहीं हटती। हालांकि, खुरापाती चीन और पाकिस्तान नहीं चाहते थे कि शेख हसीना की वापसी हो। दोनों चाहते थे कि उनकी मनमाफिक 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' देश में हुकूमत करे, जिसके जरिए वह भारत को परेशान करे। लेकिन शायद उनकी नापाक कोशिशों पर इस बार भी शेख हसीना ने पानी फेर दिया है।

गैरतलब है कि शेख हसीना 2009 से सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने भारत के सहयोग से अपने यहां बहुत कुछ किया। जनता भी यही चाहती है कि भारत का सहयोग उन्हें सदैव मिले, इसलिए वो शेख हसीना को ही बार-बार चुनते हैं। चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के अलावा 26 अन्य सियासी दल भी मैदान में उतरे हैं। करीब 1500 सौ उम्मीदवारों के अलावा 436 निर्दलीय कैंडिडेट भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन हवा शेख हसीना के पक्ष में रही। बांग्लादेश में रविवार को हुए आम चुनाव में निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीटें जीतीं। चुनाव के दौरान बहिष्कार करने वाले हजारों विपक्षी नेताओं-कार्यकर्ताओं को अरेस्ट किया, जो इस समय विभिन्न जेलों में बंद हैं। इस पर हालांकि मानवाधिकार समूहों ने आपत्ति दर्ज करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को रिहा करने की अपील हसीना सरकार से की है।

चुनाव के दौरान बांग्लादेशी खुफिया एजेंसियों को निपुट मिल गए थे, कि विपक्षी नेता-समर्थक पाकिस्तान की आईएसआई के कहने पर गड़बड़ी कर सकते हैं। कमोबेश, वैसा हुआ भी, इसलिए कोई बड़ी अप्रिय घटना न घटे, तभी उन्होंने एक साथ हजारों लोगों को गिरफतार किया और इतने ही लोगों को उनके घरों में नजरबंद भी करना पड़ा। इस कदम को समझदारी ही कहेंगे, खुदा न खास्ता अगर ऐसा नहीं किया जाता तो चट्टोग्राम जैसी खूनी घटनाए अन्य जगहों पर भी हो सकती थी। पूरे देश का माहौल बिगड़ सकता था। जैसे चट्टोग्राम में चुनावी झड़प हुई, जमकर गोलीबाजी हुई, जिसमें तीन लोगों की सरेआम हत्या कर दी गईं, जिनकी हत्या हुई उनको 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' के लोग अपने पक्ष में वोट करने का दबाव डाल रहे थे। नहीं माने तो उन्हें गोलियों से भून डाला। वहीं, शरीरबाड़ी में भी बीएनपी के नेता आवामी लीग के जिला अध्यक्षे मोहम्मद आसीम को चुनाव बूथ पर ही चाकूओं से घोप डाला, जिनका इलाज मीरपुर के जिला अस्पताल में जारी है। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद ही हो जाएंगे। लेकिन बहरहाल, जो तस्वीर उभरी है वो भारत-बांग्लादेश दोनों के लिए सुखद है। हसीना एक मर्तबा फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। भारत ने हसीना को बधाई दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रवासी भारतीय दिवस

अरविंद जयतिलक



# विदेश में बसे भारतवंशी भारत की बड़ी ताकत

आज प्रवासी भारतीय दिवस है। यह दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटने की तिथि 9 जनवरी 1915 के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2003 से हुई। इस अवसर पर प्रायः अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले भारतवंशियों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया जाता है। यह आयोजन भारतवंशियों से संबंधित विषयों और उनकी समस्याओं के चर्चा का मंच भी है। प्रवासी भारतीय दुनिया भर में अपनी दक्षता और क्षमता का लोहा मनवा देश की प्रतिष्ठा को गौरान्वित कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों का अपनी मिट्टी से भावनात्मक लगाव तो है ही, साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान करने में भी उनका सराहनीय योगदान है। विश्व बैंक की रिपोर्ट पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2022 में ही प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया रकम 100 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। यह रकम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सबसे ज्यादा भेजा जाने वाला धन हासिल करने वाले देशों में दूसरे नंबर के देश मोरक्को के 60 अरब डॉलर और तीसरे नंबर के देश चीन के 51 अरब डॉलर से कहीं ज्यादा अधिक है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक प्रवासी भारतीयों ने 2016 में 62.70 अरब डॉलर, 2017 में 65.30 अरब डॉलर, 2018 में 80 अरब डॉलर भेजा। देखें तो आज की तारीख में प्रवासी भारतीय जितना धन भेज रहे हैं,




वह भारत में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लगभग बराबर है। अतीत में जाएं तो प्रवासी भारतीय समुदाय सैकड़ों वर्ष में हुए उत्प्रवास का परिणाम है और इसके पीछे ढ़ेर कारण रहे हैं। उनमें वाणिज्यवाद, उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण अहम कारण हैं। आज की तारीख में प्रवासी भारतीय समुदाय एक विविध विजातीय और मिलनसार वैश्विक समुदाय के रुप में तब्दील हो चुके हैं, जो कि विश्व के अनेक देशों में अपनी भाषा, संस्कृति और मान्यताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे वहां की आर्थिक व राजनीतिक दिशा तो तय करते ही हैं, साथ ही कमाए गए धन को देश भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को गति भी देते हैं। याद होगा डा. लक्ष्मीमल सिंघवी की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने प्रवासी भारतीयों पर 18 अगस्त 2000 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस रिपोर्ट पर अमल करते हुए तत्कालीन सरकार ने प्रवासी भारतीय दिवस मनाना शुरू किया। ऐसा माना जाता है कि ज्यादतर लोग उन्नीसवीं शताब्दी में आर्थिक कारणों की वजह से भारत छोड़कर दुनिया के अन्य देशों में गए। इसकी शुरुआत अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया, फिजी और कैरेबियाई देशों से जहां अंग्रेजों को अपने उपनिवेशों में सस्ते मजदूरों की जरूरत थी। बीसवीं शताब्दी के दौरान भारतीयों ने पश्चिमी देशों और खाड़ी के देशों का रुख किया। आज की तारीख में दुनिया का शायद ही कोई देश बचा हो जहां भारतीय न हों। दुनिया भर में पसरे प्रवासी भारतीयों पर नजर दौड़ाएं तो दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं। इनमें से लगभग 40 प्रतिशत अकेले केरल से आते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक खाड़ी के देशों में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में 70 प्रतिशत मेहनतकश लोग हैं। इसके अलावा डॉक्टर, बैंकर, चार्टर्ड अकाउंटेट और शिक्षक जैसे पेशों से भी जुड़े हैं। यूएई की ही बात करें तो यहां तकरीबन पच्चीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। एक आंकड़ें के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, ओमान, कुवैत और सउदी अरब में तकरीबन तीन करोड़ भारतीय विभिन्न तरह के काम कर रहे हैं जो दुनिया भर में पसरे तकरीबन सवा सात करोड़ भारतीयों का चैथाई हिस्सा है। अकेले संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे प्रवासी भारतीयों द्वारा 12 अरब डॉलर भारत आता है। अच्छी बात यह है कि भारत व संयुक्त अरब अमीरात समेत दुनिया के सभी देश भारतीय कामगारों के लिए मुफीद वातावरण निर्मित करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। यूएई के अलावा खाड़ी के अन्य देशों मसलन ईरान, इराक, कतर में भी प्रवासी भारतीयों की बड़ी तादाद है जो अपने परिश्रम से धन कमाकर अपने घर भारत भेजते हैं। खाड़ी देशों एवं पश्चिम एशिया के अलावा यूरोप और अमेरिकी महाद्वीप में भी बड़ी तादाद में प्रवासी भारतीय रहते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊँची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में चुनौतियां**

देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया के लिए समय-समय पर आवाज उठाई जाती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन भी किया है। इसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कमेटी ने आम लोगों से विभिन्न प्लेटफार्म पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए राय देने के लिए कहा है ताकि इस प्रक्रिया के लिए आमजन के मन की बात को भी समझा जाए। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोट का प्रयोग करते हैं। क्या इससे भ्रष्ट और आमजन को अनदेखा करने वालों की नीयत बदलेगी? क्या धर्म, संप्रदाय और जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति का दौर समाप्त होगा?

*- मोहन शिंदे, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### इजराइल ने हिज्बुल्ला के साथ युद्ध की चेतावनी दी

इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि हिज्बुल्ला ने उत्तरी इजइराल में एक हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया और इसके साथ ही इजराइली सेना ने ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के साथ 'एक और युद्ध' शुरू होने की चेतावनी दी। लेबनान के साथ लगती सीमा पर लड़ाई ऐसे वक्त में बढ़ गयी है जब इजराइल गाजा में हमास चरमपंथियों से लोहा ले रहा है। इस स्थिति को देखते हुए अमेरिका द्वारा तत्काल कूटनीतिक कदम उठाए जाने की आवश्यकता बढ़ गयी है और वह भी ऐसे वक्त में जब विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा पर इजराइल आने की तैयारी कर रहे हैं।



ब्लिंकन ने कतर में वार्ता के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह ऐसा संघर्ष है जो आसानी से बढ़ सकता है जिससे और अधिक असुरक्षा और पीड़ा पैदा हो सकती है।' इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच सीमा पार लड़ाई ने क्षेत्रीय संघर्ष रोकने के अमेरिका के प्रयास को जटिल बना दिया है। इजराइली सेना ने बताया कि हिज्बुल्ला ने शनिवार को माउंट मेरोन पर एक संवेदनशील हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया लेकिन हवाई रक्षा प्रणालियों पर कोई असर नहीं पड़ा। उसने बताया कि कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ और सभी क्षतिग्रस्त चीजों की मरम्मत की जाएगी।

## ऑफ बीट

### मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है।



वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं। आपकी कार्यशील मांसपेशियों को होने वाले अन्य लाभों के कारण संभवतः इसके बिना आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।

## ट्रेंड

### पहले दिन की याद



न्यूज़ीलैंड में पहली बार सदन में आई युवा सांसद माओरी मुझे संसद में मेरे पहले दिन की याद दिलाती है। हमें आधुनिक शिक्षा और ज्ञान सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान और परंपरा को हमेशा महत्व देना चाहिए।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### भारत मां का आंचल



रत्नगर्भा भारत माता के ममतामय आंचल के रंग जब इतने मनहर, चटख और दैवीय हों तो किसी अशालीन आंटी के लॉन में भटकने क्या जाना? अगली सपरिवार यात्रा लक्ष्यद्वीप की तय की है। जल्द ही जाना होगा।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

### शानदार पर्यटन स्थल



हमारे देश में अकल्पनीय संभावनाओं वाले बहुत सारे शानदार पर्यटन स्थल हैं। अभी भी पूरी तरह से खोजा जाना बाकी है। क्या आप में से कोई मेरे द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरों से भारतीय पर्यटक स्वर्ग का अनुमान लगा सकता है?

-अदार पूनावाला, उद्योगपति

### शानदार अनुभव



लक्षद्वीप की अद्वितीय सुंदरता ने मेरी मनपसंद यात्रा सूची में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। यहां का बिल्कुल साफ पानी और शांत समुद्र के किनारे आपका इंतजार कर रहे हैं, जो एक अविस्मरणीय पलायन का वादा करते हैं।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करेंगे वरुण

**मुंबई।** अभिनेता वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। वरूण ने डेविड की फिल्म मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नं 1 में साथ काम किया है। उनकी आने वाली फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है, जिसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी। डेविड पिछले कुछ महीनों से एक अच्छे आइडिया की तलाश में थे। अब फाइनली उन्हें एक आइडिया पसंद आ गया है, जिसकी कहानी के लिए वह बेटे वरुण धवन को कास्ट कर चुके हैं। इस फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस करेंगे। यह फिल्म टिप्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनेगी। फिल्म की शूटिंग भारत और विदेश की कुछ चुनिंदा लोकेशन पर होगी।

लाइफ Style



# तनिष्का

## ब्रेकअप, इमोशनली बहुत कठिन था

ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की शानदार अभिनेत्री तनुजा की छोटी बेटी तनीषा मुखर्जी इन दिनों झलक दिखला जा में अपने डांस से सबको इंटरटेन कर रही हैं। अभिनेत्री अपने डांस के अलावा फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों को अपना दीवाना बनाया। अदाकारा ने फिल्म नील 'एन' निक्की से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में तनीषा के साथ उदय चोपड़ा ने भी काम किया है। इस फिल्म के दौरान उदय और तनीषा के रिश्ते बन गए। दोनों ने एक दूसरे को कई साल तक डेट किया उसके बाद दोनों अलग हो गए। अब तनीषा ने एक इंटरव्यू में कहा 'उदय और मैं 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे' के टाइम पर मिले थे। उस दौरान हम दोस्त बन गए और हम हमेशा दोस्त थे और मुझे लगता है कि ऐसी ही फिल्म के दौरान हम नजदीक आ गए और फिर हमें प्यार हो गया। जब तनीषा से उनकी शादी की असली वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि चीजें उनके हिसाब से काम नहीं कर रही थीं इसलिए उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री सिंडी नहीं रही

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन का निधन हो गया है। अभिनेत्री ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था।



# 'अवतार 3' की आहट ने हिला डाला इंटरनेट...

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने ब्लॉकबस्टर 'अवतार' के एक नहीं बल्कि तीन सीक्वल की घोषणा करके 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की सफलता को कैश करने का पूरा प्लान बना लिया है। सुपरहिट फैंचाइजी की तीसरी किस्त 'अवतार 3' (अस्थायी नाम) की शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है। अब इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जारी है। वहीं अब जेम्स कैमरून ने फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी शेयर कर दी है। जेम्स कैमरून ने एक टीवी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, अभी हम पोस्ट-प्रोडक्शन के दो वर्षों में बहुत व्यस्त हैं, इसलिए यह फिल्म '2025 के क्रिसमस पर सिनेमाघरों में होगी।



# मेघना की फिल्म में नजर आएंगे सिद्धार्थ...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ, मेघना गुलजार और मलयालम फिल्मों के निर्देशक जीतू जोसेफ की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इन दोनों ही फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, इनकी शूटिंग अगले साल शुरू करने की योजना है। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एक भयावह सच्ची घटना पर आधारित है। वही जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनने वाली फिल्म प्रवर्तन निदेशालय के एक बहादुर और तेज तर्रार अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी की ये फिल्म अब 15 मार्च 2024 को रिलीज होगी।



# 'कैप्टन मिलर' में आए एक्शन मोड में

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष की मच अवेटेड फिल्म 'कैप्टन मिलर' का हर किसी को इंतजार है ऐसे में मेकर्स ने इसका दमदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आपको बता दें कि यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में धनुष खतरनाक रोल में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में आप धनुष के खूंखार अवतार को देख सकेंगे। 'कैप्टन मिलर' फिल्म के ट्रेलर में धनुष का एक्शन हर किसी के दिमाग में छप गया है। अगर धनुष के लुक की बात करें तो वह लंबे बालों और बढ़ी हुई दाढ़ी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। वहीं अगर फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो 2.54 सेकंड के इस ट्रेलर में धनुष के काफी एक्शन सीन दिखाई देते हैं, वह अकेले ही अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं।

टीवी मसाला



# सिर्फ 16 साल में किया डेब्यू टीवी पर भी किया सालों राज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक कई ऐसे एक्टर्स हैं जिनके एक किरदार ने ही उन्हें अभिनय की दुनिया में अमर कर दिया। आज एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका नाम लेते ही आपके दिमाग में सबसे पहले उनके द्वारा सालों पहले अदा किया गया एक ऐसा किरदार आएगा जो आज भी आपके चेहरे पर मुस्कान बिखेर देगा। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि टीवी की सबसे प्यारी 'बा' यानी कि एक्ट्रेस सरिता जोशी हैं। साल 2005 में टेलीकास्ट होने वाले सीरियल 'बा बहू और बेबी' से एक्ट्रेस सरिता जोशी ने घर-घर में पहचान बनाई थी। सरिता जोशी सीरियल्स के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। ये एक्ट्रेस आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मेस्सी की सुपरहिट फिल्म '12 वीं फेल' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने विक्रांत की दादी का किरदार निभाया था। 'कन्यादान', 'नजर', 'सिंबा' एक्ट्रेस की बेहतरीन फिल्मों में शामिल हैं। एक्ट्रेस की दोनों बेटियां केतकी दवे और पूर्वी जोशी भी एक्ट्रेसेज हैं। सरिता जोशी को पहचान भले ही सीरियल 'बा बहू और बेबी' से मिली, लेकिन ये एक्ट्रेस सीरियल के टेलीकास्ट होने से सालों पहले से अभिनय की दुनिया में सक्रिय थीं। उन्होंने 'बा बहू और बेबी' से पहले कई सीरियल्स में काम किया था और वह गुजराती थिएटर का भी जाना-माना नाम रह चुकी हैं। केवल 16 साल की उम्र में सरिता जोशी ने पहली बार गुजराती थिएटर के ड्रामा में लीड रोल निभाया था। उसके बाद उन्होंने साल 1980 में सीरियल 'तितलियां' से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया था। इस सीरियल का निर्देशन राज बब्बर की पत्नी नादिरा बब्बर ने किया था।

## समर्थ से झगड़ने के बाद अभिषेक घर से हुए बेघर

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल के बीच जमकर लड़ाई हुई। अभिषेक कुमार ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। बिग बॉस ने लड़ाई के बाद अंकिता से पूछा कि क्या शारीरिक झगड़ों के बावजूद अभिषेक को खेल में बने रहना चाहिए। अंकिता ने सनी आर्य के निष्कासन का हवाला देते हुए अभिषेक के खिलाफ नकारात्मक बात कही। वे इस बात पर सहमत थीं कि अभिषेक को शो छोड़ देना चाहिए। अन्य कंटेस्टेंट ने भी इसका समर्थन किया और कहा कि यह सही निर्णय है, क्योंकि



अभिषेक कुमार ने शो में सबसे बड़े नियमों में से एक को तोड़ा है। अभिषेक पिछले कुछ दिनों में समर्थ के साथ अपने लगातार झगड़ों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने समर्थ को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने की भी कोशिश की थी, हालांकि अभिषेक कुमार के फैंस उनका बचाव कर रहे हैं। कई नेटिजेंस का मानना है कि समर्थ ने उन्हें थप्पड़ मारने के लिए उकसाया था। वे इसे क्रिया की प्रतिक्रिया बता रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समर्थ के साथ अभिषेक की न बनने की वजह बिल्कुल सीधी है।

# सबसे महंगे गीतकार बने जावेद, डंकी के गाने के लिए 25 लाख वसूले ...

**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर धमाल-कमाल कर रही है। फिल्म की कहानी और उसके गाने लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। खास तौर से फिल्म का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। इस गाने को मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखा है। इस हिट गाने को लिखने के लिए जावेद अख्तर ने जो मोटी फीस वसूली थी उससे वे बॉलीवुड के सबसे महंगे गीतकार बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लिखने के लिए जावेद अख्तर ने 25 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने बताया कि यह एक गाना लिखने के लिए आज तक



किसी भी गीतकार द्वारा ली जाने वाली रिकॉर्ड फीस है। हाल ही में एक स्टेज शो के दौरान जावेद अख्तर ने इस बात की पुष्टि भी की थी। शो के दौरान जावेद अख्तर ने बताया कि वह आम तौर पर फिल्म में केवल एक गाना नहीं लिखते, लेकिन राजू हिरानी ने उन्हें जोर देकर कहा कि वह केवल एक ट्रैक के लिए गीत लिखें। उन्होंने कहा कि 'ये गाना आपके अलावा कोई नहीं लिख सकता। मैंने फिर उनके सामने 25 लाख रुपए लेने की शर्त रखी। मुझे लगा कि वो शायद मेरी शर्त से हतोत्साहित हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने मेरी शर्तों को बिना हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया।

# मनाली की निशा ठाकुर के सिर सजा विंटर क्वीन का ताज...



**मनाली/ कुल्लू।** मनाली में राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में करवाई विंटर क्वीन प्रतियोगिता में मनाली की ही निशा ठाकुर ने विंटर क्वीन का ताज पर कब्जा जमाया। वहीं फस्ट रनरअप का खिताब शिमला की कोहिनूर सरकेक ने जीता और सेकेंड रनरअप मनाली की भव्य पंडित रहीं। शरद सुंदरी का ताज जीतने वाली निशा ठाकुर को एक लाख का ईनाम दिया गया। मनाली में शून्य तापमान के बीच सुंदरियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। हर युवती ने निर्णायकों के सवालों के जवाब बखूबी दिए। इससे पहले मनु रंगशाला में विंटर क्वीन प्रतिस्पर्धा की प्रतिभागियों ने टेलेंट राउंड में दमदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 27 युवतियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

## गोल्डन ग्लोब विजेताओं का हुआ ऐलान

# गोल्डन ग्लोब 2024 में 'ओपेनहाइमर' का बोलबाला, क्रिस्टोफर बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक

*केलिफोर्निया। मनोरंजन की दुनिया में हर साल ऑस्कर से पहले गोल्डन ग्लोब पुरस्कार का इंतजार रहता है। इस पर दुनियाभर के दर्शकों की निगाहें होती हैं और हों भी क्यों न, यह फिल्म और टीवी की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार जो है। इस समारोह में नामांकन पाने वालों के नाम सामने आने के बाद से इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार गोल्डन ग्लोब पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है।*

### 'ओपेनहाइमर' ने जीते सबसे ज्यादा अवार्ड

फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने भी कई श्रेणियों में पुरस्कार हासिल किया। मोशन पिक्चर की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब रॉबर्ट डाउनी ने फिल्म 'ओपेनहाइमर' के लिए जीता। इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार क्रिस्टोफर नोलन ने जीता। यह उनका पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। यही नहीं, मोशन पिक्चर ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी इसी फिल्म के अभिनेता सिलियन मर्फी को मिला। बेस्ट स्कोर मोशन पिक्चर और बेस्ट मोशन ड्रामा पिक्चर का पुरस्कार भी 'ओपेनहाइमर' को मिला।

### 'बार्बी' चूकी, पूअर थिंग्ज ने मारी बाजी

गोल्डन ग्लोब्स 2024 में मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी की श्रेणी में 'बार्बी' से मार्गोट रोबी पुरस्कार पाने से चूक गईं। उनकी बजाय एम्मा स्टोन 'पूअर थिंग्ज' के लिए बाजी मार गईं। बेस्ट स्क्रीनप्ले मोशन पिक्चर की श्रेणी में भी 'बार्बी' को हार का सामना करना पड़ा। बेस्ट पिक्चर का खिताब भी 'पूअर थिंग्स' को मिला। हालांकि, मोशन पिक्चर बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के अलावा सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट की श्रेणी में बॉर्बी ने पुरस्कार हासिल किया।



### अन्य श्रेणियों में इन्हें मिला पुरस्कार

लिमिटेड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेत्री का खिताब अली वॉन्ग ने 'बीफ' के लिए जीता। स्टीवन येउन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का गोल्डन ग्लोब अपने नाम किया। मोशन पिक्चर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक महिला कलाकार का गोल्डन ग्लोब डे' वाइन जॉय रैंडोल्फ। एलिजाबेथ डेबिकी ने सीरीज 'द क्राउन' के लिए सवश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब मैथ्यू मैकफेडेन को 'सक्सेशन' के लिए मिला। आयो एडेबिरी ने टीवी कॉमेडी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

### बेस्ट पिक्चर बनी 'एनाटॉमी ऑफ फॉल'

सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले का पुरस्कार 'एनाटॉमी ऑफ फॉल' को मिला। गैर-अंग्रेजी भाषा में बेस्ट पिक्चर का पुरस्कार भी इसी फिल्म को मिला। रिकी गेरवाइस टीवी के सर्वश्रेष्ठ स्टैंडअप कॉमेडियन तो सर्वश्रेष्ठ टीवी फीमेल एक्ट्रेस सारा स्नूक बनीं। बेस्ट ड्रामा सीरीज का खिताब 'सक्सेशन' ने जीता।

### *कब हुई थी गोल्डन ग्लोब पुरस्कार की शुरुआत?*

*यह गोल्डल ग्लोब्स का 81वां संस्करण था, जिसकी मेजबानी जाने-माने कॉमेडियन जो कॉय ने की। इस साल गोल्डन ग्लोब्स के नामांकन में फिल्म और टीवी जगत से 27 पुरस्कार श्रेणियां शामिल थीं। इसमें सिनेमैटिक व बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट और बेस्ट स्टैंडअप कॉमेडियन ऑन टेलीविजन जैसी 2 नई श्रेणियां शामिल की गई थीं। 1944 में इन पुरस्कारों की शुरुआत हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार सिर्फ फिल्मों के लिए दिया जाता था। 1956 में इसमें टीवी को शामिल किया गया था।*




उद्गार

# हम लेते हैं पूरा आनंद

मकर संक्रांति जैसे पर्व को लेकर भला कौन नहीं उत्साहित रहता। हमारी छोटे पर्दे की अभिनेत्रियां भी इस पर्व को बहुत उत्साह-उमंग से मनाती हैं। कुछ चर्चित सीरियल की अभिनेत्रियां **सहेली** को बता रही हैं, उन्हें यह पर्व क्यों भाता है, इसे वे कैसे मनाती हैं?

## मकर संक्रांति की सबसे प्यारी चीज गुड़ की रोटी लगती है : नेहा जोशी



**एंड टीवी** के सीरियल 'अटल' में नेहा जोशी इन दिनों अटल बिहारी बाजपेयी की मां कृष्णा देवी बाजपेयी की भूमिका में नजर आ रही हैं। नेहा को मकर संक्रांति से जुड़ी सबसे प्यारी चीज क्या लगती है, वह बताती हैं, 'मुझे मकर संक्रांति से जुड़ी सबसे प्यारी चीज गुड़ की रोटी लगती है। मेरी मां गुड़ की रोटी बहुत ही स्वादिष्ट बनाती हैं। गुड़ की रोटी पर घर का बना देशी घी लगाकर खाने का एक अलग ही मजा है। इसमें गुड़ के साथ तिल भी होता है, जिसे खाने से जनवरी के ठंडे दिनों में बॉडी में हीट पैदा होती है। महाराष्ट्र में मकर संक्रांति पर काले कपड़े पहने जाते हैं, इसका एक कारण यह है कि जनवरी के महीने में ठंड बहुत होती है, काला रंग हीट को एब्सॉर्ब करता है। ऐसे में काले रंग के कपड़े पहनने से ठंड से बचाव होता है। मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। इसका रीजन यह भी है कि ठंड में जब पतंग उड़ाने के लिए हम छत पर जाते हैं तो ज्यादा से ज्यादा धूप मिलती है। इससे ठंड से बचाव होता है। मकर संक्रांति का पर्व मैं पूरी तरह से महाराष्ट्रीयन परंपरा से मनाती हूं। हमारे घर में सुबह गुड़ की रोटी बनती है, इस रोटी को हम देशी घी के साथ खाते हैं। शाम को काले कपड़े पहन कर अपने परिवार के साथ करीबी लोगों के घर जाकर बड़ों से तिल-गुल लेकर उनका आशीर्वाद भी लेते हैं। इस बार मकर संक्रांति का पर्व मैं सीरियल के सेट पर (बाजपेयी परिवार के को-आर्टिस्ट्स के साथ) मनाऊंगी। सेट पर काले कपड़े पहनकर जाऊंगी। मुझे बहुत खुशी है कि सीरियल के जरिए एक नया परिवार मुझे मिल गया, जिसके साथ मैं मकर संक्रांति का पर्व मनाऊंगी।'*

## तिल-गुड़ के लड्डू खिलाकर मीठा बोलने को कहते हैं : नेहा पेंडसे



**स्टार भारत** के सीरियल 'मे आई कम इन मैडम' की मुख्य अभिनेत्री नेहा पेंडसे मकर संक्रांति के पर्व को लेकर बहुत उत्साहित रहती हैं। वह कहती हैं, 'मकर संक्रांति का त्योहार हमारे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह पर्व अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग नाम और विधि से मनाया जाता है। जैसे- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में इसे मकर संक्रांति, महाराष्ट्र में हल्दी कुमकुम, दक्षिण भारत में इसे पोंगल के नाम से मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन से गर्मी के मौसम का आगाज होता है और लंबे दिनों की शुरुआत होती है, क्योंकि ठंडी के मौसम में दिन छोटे होते हैं। महाराष्ट्र में इस दिन लोगों को तिल और गुड़ के लड्डू देकर उन्हें पूरे साल मीठा बोलने यानी अच्छा व्यवहार करने को कहते हैं। तिल के सेवन का एक कारण यह भी है कि सर्दियों में तिल खाना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है, तिल गर्म होता है। हम बचपन से मकर संक्रांति पर तिल खाने की परंपरा निभाते आ रहे हैं ताकि सर्दी ना लगे। आप सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं!' *

## तिल के लड्डू खाने का इंतजार रहता है : परिवा प्रणति



**सोनी सब** के सीरियल 'वागले की दुनिया' में परिवा प्रणति लंबे समय से वंदना का किरदार निभा रही हैं। मकर संक्रांति के पर्व में उन्हें क्या अच्छा लगता है, इस पर वह हंसते हुए बताती हैं, 'इस फेस्टिवल का सबसे अच्छा पार्ट मुझे लगता है, मम्मी के हाथ के बनाए तिल के लड्डू। मकर संक्रांति पर एक अलग ही उल्लास पैदा हो जाता है। इस समय मौसम के परिवर्तन का एक उत्सव मनाया जाता है। यह बहुत प्यारा पर्व है। हमारे देश का हर त्योहार पॉजिटिव वाइब्स पैदा करता है, जिससे बहुत सारी खुशियां और समाज में खूबसूरती पैदा होती है। बचपन के दिनों में हमें मकर संक्रांति का उत्सुकतापूर्वक इंतजार रहता था कि मम्मी कब तिल के लड्डू बनाएंगी और पूजा होने के बाद हमें वो लड्डू खाने के लिए मिलेंगे। मेरे सीरियल की शूटिंग चल रही है, इसलिए इन दिनों मैं मम्मी-पापा से दूर हूं। लेकिन मेरी मम्मी मेरे लिए तिल के लड्डू जरूर बनाकर रखेंगी। मकर संक्रांति पर लोग पतंग उड़ाते हैं, लेकिन कुछ लोग चाइनीज मांझा यूज करते हैं, जो गलत है क्योंकि इस मांझे से बहुत से पक्षी घायल हो जाते हैं। मैं लोगों से कहना चाहूंगी कि इस मांझे से सावधान रहें, क्योंकि पक्षियों के अलावा बहुत सारे इंसान भी एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं। आप ऐसा कुछ ना करें कि हमारे फेस्टिवल सेलिब्रेशन की वजह से किसी जीव या इंसान को नुकसान पहुंचे। हम फेस्टिवल को ऐसे सेलिब्रेट करें कि हर किसी को खुशी मिले।'*

**प्रस्तुति:सहेली फीचर्स**

कंपकंपाती सर्दी के अवसान का संदेश देते सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति पर्व अनेक रूपों में मनाया जाता है। ऋतु परिवर्तन के साथ यह पर्व सामाजिक समरसता और पारिवारिक जुड़ाव में गर्माहट लाने का भी अवसर देता है। त्योहारी उत्साह और भावनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण स्त्रियां, इस अवसर का भरपूर सकारात्मक उपयोग करती हैं।

# मकर संक्रांति
## ऊर्जा-उत्साह के बिखरते हैं नए रंग



आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

सामाजिक मेल-जोल, जरूरतमंदों की मदद और अपनों संग हंसने खिलखिलाने का पर्व है मकर संक्रांति। यह पर्व पूरे परिवार को जोड़ने वाला एक उत्सव है। इसमें सेहत सहेजने का संदेश है, शगुन-सौगात देने की रिवायत है, साथ ही स्त्रियों के उल्लास से इस पर्व के रंग आसमान में उड़ान भरते हैं। यों भी त्योहारों के जरिए हमारे यहां आपसी जुड़ाव को मजबूती देने में स्त्रियों की सबसे अहम भूमिका होती है। पूरे परिवार को जोड़ने में तो स्त्रियां सदा आगे रहती ही हैं। मकर संक्रांति के त्योहार पर उनकी भूमिका और भी मुखर हो उठती है। तिल-गुड़ की मिठास परोसने से लेकर पतंगबाजी के पेंच लड़ाने और रीति-रिवाज निभाने तक। नए साल के इस पहले पर्व पर ऊर्जा और उत्साह के भी नए रंग बिखरते हैं।



### सेहत सहेजने का खयाल

हमारे भारतीय समाज में परिवार की सेहत सहेजने की सोच हर स्त्री के मन में गहराई से बसी होती है। संक्रांति का त्योहार स्वस्थ खान-पान और प्राकृतिक जीवनशैली से भी जुड़ा है। पतंगबाजी का यह पर्व ना सिर्फ रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव का एक मोड़ होता है बल्कि सेहत के लिए सार्थक संदेश भी देता है। छंटते कोहरे और गुनगुनी धूप वाली इस रुत में घर के हर सदस्य की दिनचर्या बदल जाती है। मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तर दिशा में जाने से दिन बड़े होने लगते हैं। प्रकृति करवट लेती है। महिलाएं तिल, मूंगफली, गुड़, चावल और उड़द की दाल जैसी चीजों के स्नैक्स, मिठाई और पकवान बनाती हैं। सर्दियों के बाद ऊर्जा से भरी जीवनशैली की ओर लौटने का यह पड़ाव स्त्रियों के लिए अपनों की सेहत संभालने का भी समय होता है। धूप सेंकते हुए बच्चों-बड़ों की मालिश करना, सिगड़ी जलाकर बातचीत की बैठकी जमाना या पौष्टिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चीजों को खान-पान का हिस्सा बनाना, इस तरह महिलाएं इस मौसमी त्योहार के समय अपनों की सेहत के मोर्चे पर बहुत अधिक मुस्तैद रहती हैं।

### सामाजिक सामंजस्य की भावना

सामाजिक संबंध पतंग डोर जैसे ही तो होते हैं। आपसी जुड़ाव ही हमें जीवंत बने रहने का आसमान देता है। साझे सरोकारों की डोर ही सामाजिक जुड़ाव में ठहराव लाती है। आस-पड़ोस के लोगों में भावनात्मक बंधन बनाती है। सगे-संबंधियों को करीब लाती है। सामंजस्य की डोर के बंधन के बिना एक-दूजे से कटकर जीने के तो कोई मायने ही नहीं हैं। संघर्ष का दौर हो या सहज स्थितियां, आपसी तालमेल की इस बुनियाद को स्त्रियां सबसे ज्यादा मजबूत बनाती हैं। सुख-दुख साझा करना हो या मिल-जुलकर पर्व मनाना, रिश्तों के ताने-बाने को सहेजती स्त्रियां स्नेह की प्रेमपगी डोर से परिचितों-अपरिचितों को बांधती हैं। सद्भाव की उड़ान को बल देने वाला यह भाव भारतीय समाज की पहचान रहा है। हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामने वाला आधार बना है। मकर संक्रांति के पर्व पर समाज और परिवार को बांधने वाला मेल-मिलाप का यह भाव-चाव देश के हर कोने में साफ दिखाई देता है। तमिलनाडु में पोंगल तो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व केरल में संक्रांति। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब में माघी तो गुजरात में उत्तरायण के नाम से मनाए जाने वाले इस त्योहार पर स्त्रियां सामाजिक सद्भाव को मन से सींचती हैं। संक्रांति के त्योहार पर घर-परिवार के सभी लोग इकट्ठे होकर खुशियां मनाते हैं। पूरा परिवार छत पर जमा होकर पतंगबाजी करता है। हंसता-खिलखिलाता है। आस-पड़ोसी भी एक-दूजे से जुड़ते, बोलते-बतियाते हैं। खुशियों के भावों को जोड़ने वाली साझी कड़ी, महिलाएं ही होती हैं। सामाजिकता के भावों को पोषण देते हुए मेल-जोल का माहौल बनाती हैं। सृष्टि के लिए ऊर्जा के स्रोत सूर्य की आराधना के इस पर्व पर स्त्री मन की सामाजिकता का भाव कई मानवीय पहलुओं पर मुखर होता दिखता है।*



### मदद की सोच

**मकर संक्रांति** के त्योहार पर किया जाने वाला दान भी सामाजिक सरोकार की सोच से ही जुड़ा है। मन के मेल संग अपने माहौल में किसी जरूरतमंद का मददगार बनना, इस पर्व का सबसे सुंदर पक्ष है। रिवाज के मुताबिक शगुन स्वरूप दान करने की बात हो या कमजोर परिस्थितियों से जूझते लोगों की सहायता करने का भाव, स्त्रियां हमेशा आगे रहती हैं। मानवीय मदद से जुड़ी सामाजिक मान्यताओं के मायने, स्त्रियां व्यावहारिक धरातल पर उतारती दिखती हैं। प्रकृति का आभार जताने के इस पर्व पर जरूरतमंदों को दान देने की रीत का निर्वहन ज्यादातर घर की महिलाएं ही करती हैं। जिसके चलते सामाजिक सरोकार से भी स्त्रियां गहराई से जुड़ जाती हैं। *




सलाह / विनीता

# रिश्तों में घोलें मिठास



मकर संक्रांति के पर्व का नाम सुनते ही बचपन की मीठी यादें ताजा हो जाती हैं, जब कई दिनों पहले से ही त्योहार की तैयारियां शुरू हो जाती थीं। घरों से तिल भुनने की सौंधी-सौंधी महक एक अलग ही माहौल बना देती थी। परिवार की सभी महिलाएं साथ मिलकर तिल और लइया के लड्डू और मूंगफली की चिक्की बनाने में जुट जाती थीं। गुड़ की चाशनी में बने ये लड्डू अलग ही स्वाद देते। इनका आनंद लेते घर में बच्चे खुश होकर उछल-कूद मचाने लगते थे।

**तिल की ऊष्मा से सकारात्मक ऊर्जा का संचार :** मकर संक्रांति के दिन हमें सुबह सूर्योदय से पहले ही जगा दिया जाता था, क्योंकि इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में सिर पर तिल रख कर स्नान करने के बाद आग में तिल की आहुति दे, उसके आस-पास बैठने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि तिल की ऊष्मा से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और साथ बैठकर आग तापने से रिश्ते में आत्मीयता बढ़ती है।

**प्रेम की डोर से बांधते रिश्ते :** मकर संक्रांति के अवसर पर लोग अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसियों को रेवड़ी और गजक का उपहार देते हैं। आमतौर पर यह जिम्मेदारी हम बच्चों को ही सौंपी जाती थी। हम बच्चे पड़ोस के घरों में पकवानों से भरी कटोरियां पहुंचाने जाते थे, बदले में हमें भी वहां से उपहार मिलता था। हम खुश होकर घर लौटते। दरअसल, मकर संक्रांति का पर्व एक ऐसा माध्यम है, जो लोगों के रिश्तों को प्रेम की डोर से बांधे रखता है।

**स्नेहपूर्ण व्यवहार का दें अनमोल उपहार :** इस बार मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर आप खुद से यह वादा करें कि उपहारों का आदान-प्रदान केवल वस्तुओं तक ही सीमित नहीं रखेंगी बल्कि अबकी आप अपनों को स्नेहपूर्ण व्यवहार का ऐसा अनमोल उपहार देंगी, जो आजीवन उनके लिए उपयोगी साबित होगा। केवल त्योहार के दिन ही नहीं, बल्कि हमेशा अपने प्रेमपूर्ण व्यवहार से रिश्तों को सींचेंगी। लोगों को फोन करके उनका हाल पूछेंगी, समय निकालकर उनसे मिलने जाएंगी और जब भी उन्हें जरूरत होगी, हमेशा खुद आगे बढ़कर उनकी मदद करेंगी, ऐसी अच्छी आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगी। उपहार देने के साथ लोगों तक अपनी सद्भावनाएं भी पहुंचाएंगी। *



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

इन दिनों आप मकर संक्रांति की तैयारियों में जुटी होंगी। इस दिन पहनी जाने वाली ड्रेस का सेलेक्शन अगर आपने अब तक नहीं किया है तो हम आपको बता रहे हैं, कुछ ट्रेडिशनल ड्रेसेस के बारे में। इनसे आपको मिलेगा कंप्लीट फेस्टिवल लुक।

# इस मकर संक्रांति पर पहनें अट्रैक्टिव-ट्रेडिशनल ड्रेसेस

ड्रेसअप / ममता आनंद
फैशन डिजाइनर



नया साल शुरू होते ही पारंपरिक त्योहार मकर संक्रांति का इंतजार बेसब्री से किया जाने लगता है। मकर संक्रांति का जिक्र आते ही मन में उल्लास भर जाता है। इस अवसर पर महिलाएं पूजा-पाठ, खान-पान की तैयारियों के साथ अपने लुक पर भी विशेष ध्यान देती हैं। इस अवसर पर ट्रेडिशनल ड्रेस ही फबती हैं। इसलिए हम आपको बता रहे हैं, कुछ ट्रेडिशनल ड्रेस ऑप्शंस के बारे में, जिन्हें आप इस मकर संक्रांति पर कैरी कर पा सकती हैं फेस्टिव लुक।

**डिफरेंट सूट्स :** अगर आप इस मौके पर सूट कैरी करना चाहती हैं, तो पटियाला सूट ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको प्रॉपर पंजाबी लुक मिलेगा। इसके अलावा आप अनारकली डिजाइन का सूट भी पहन सकती हैं। अगर आप डिफरेंट टाइप का लुक चाहती हैं तो प्लाजो या पैंट सूट ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन को देखते हुए फुल स्लीव्स वाले कुर्ते ही परफेक्ट लगते हैं। इस अवसर पर अपने लिए सूट सेलेक्ट करते समय कलर का भी ध्यान रखें। इस मौके पर रेड, यलो, ग्रीन जैसे कलर की ड्रेसेस सबसे अच्छी लगती हैं। जहां तक फैब्रिक की बात है तो वेलवेट या फिर सिल्क का सेलेक्शन करें।


श्रग ड्रेस

**कलर्ड लॉन्ग स्कर्ट-कुर्ती :** अगर आप इस फेस्टिवल पर ट्रेडिशनल के साथ एथनिक लुक भी चाहती हैं, तो लॉन्ग स्कर्ट विद लॉन्ग कुर्ती पहन सकती हैं। लेकिन स्कर्ट कलरफुल होनी चाहिए। कलर्ड स्कर्ट के साथ लॉन्ग-स्ट्रेट कुर्ती पेयर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बहुत प्यारी नजर आएंगी। इसके साथ मैचिंग दुपट्टा भी कैरी करें। इससे आपका ट्रेडिशनल लुक कंप्लीट हो जाएगा। कुर्ती पर हैंड वर्क वाली कढ़ाई होगी तो और भी अच्छी दिखेंगी।

**श्रग ड्रेसेस :** इस त्योहार पर अगर आप स्टाइलिश दिखने, ठंड से बचने के साथ कुछ डिफरेंट ड्रेस कैरी करना चाहती हैं, तो आप श्रग या श्रग वाली ड्रेस का सेलेक्शन कर सकती हैं। ऐसा लुक आप अपने वॉर्डरोब में रखी ड्रेसेस से खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। श्रग वाली ड्रेस के लिए नीचे स्कर्ट या प्लाजो पहनें, उसके ऊपर ब्लाउज या फिर कोई टॉप कैरी करें। फेस्टिव लुक कंप्लीट करने के लिए इस ड्रेस के ऊपर श्रग पहनें। श्रग से आपको ट्रेडिशनल लुक मिलेगा। आप चाहें तो साड़ी पर भी श्रग पहन सकती हैं।

**साड़ी :** कई वर्किंग वूमेन डेली रूटीन में साड़ी नहीं पहनती हैं। लेकिन मकर संक्रांति के अवसर पर साड़ी पहनेंगी तो फेस्टिव लुक ही नहीं मिलेगा, आपको फील गुड भी होगा। इन दिनों मार्केट में आपको साड़ी की कई वैरायटीज मिल जाएंगी। मौसम में ठंड को देखते हुए आप सिल्क फैब्रिक की साड़ी को वियर कर सकती हैं। इसमें आप अट्रैक्टिव दिखने के साथ ठंड से भी बचेंगी। अगर आप कुछ डिफरेंट लुक चाहती हैं, तो साड़ी को वेलवेट में डिजाइन करवा सकती हैं। इन दिनों वेलवेट ट्रेंड में भी है।



**लाइट वेटेड लहंगा :** अगर आपका मन सूट या साड़ी से इतर कोई ट्रेडिशनल ड्रेस पहनने का है तो लहंगा भी पहन सकती हैं। आपको मार्केट में लाइट वेटेड कई तरह के लहंगे मिल जाएंगे। सर्दी का मौसम है, तो आप सिल्क लुक वाला लहंगा खरीद सकती हैं। पर ध्यान रहे कि लहंगा बहुत ज्यादा हैवी ना हो, ताकि आप उसे आसानी से कैरी कर सकें। लहंगा लेते समय उसमें ऑरेंज, रेड या फिर वाइन कलर सेलेक्ट करें।*



प्रस्तुति : निधि गोयल

एसेसरीज / मानसी

मकर संक्रांति जैसे मौके पर अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए ट्रेडिशनल ड्रेसेस के साथ ट्रेंडी ज्वेलरी भी जरूर कैरी करें। इनमें किस तरह के ऑप्शंस आपको मिल सकते हैं, यहां डिटेल में बता रहे हैं।


टेंपल ज्वेलरी

# कैरी करें डिजाइनर ज्वेलरी पाएं ट्रेंडी फेस्टिवल लुक

अगर आप सोचती हैं कि केवल ट्रेडिशनल ड्रेस कैरी करने से आपको फेस्टिव लुक मिल जाएगा तो ऐसा नहीं है। इसे कंप्लीट करने के लिए ड्रेस के साथ मैचिंग एसेसरीज भी जरूरी हैं। अब अगर आप इस कंफ्यूजन में हैं कि ज्वेलरी में ऐसा किया वियर किया जाए, जिससे स्टाइल के साथ ही आपका ओवरऑल लुक ट्रेडिशनल नजर आए, तो इसके लिए आप यहां बताए जा रहे एसेसरीज ऑप्शंस में से कुछ सेलेक्ट कर सकती हैं।

**टेंपल ज्वेलरी :** आजकल टेंपल ज्वेलरी कैरी करने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। अगर आपके पास ऐसी ज्वेलरी पहले से हैं तो इन्हें आप निकाल सकती हैं। ये ज्वेलरी जब आप अपनी साड़ी या लहंगे के साथ पहनेंगी तो बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। इससे आपका ओवरऑल लुक पूरी तरह ट्रेडिशनल नजर आएगा। अगर आपके पास ऐसी टेंपल ज्वेलरी नहीं है तो आप इन्हें मार्केट से भी खरीद सकती हैं। आपको इनके बहुत सारे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे।



**स्टोन ज्वेलरी :** अगर आप ऐसी ज्वेलरी कैरी करना चाहती हैं, जो आपकी सभी तरह की ड्रेसेस पर सूट करे तो आप स्टोन ज्वेलरी ट्राय कर सकती हैं। ट्रेडिशनल ड्रेसेस पर खासतौर पर स्टोन ज्वेलरी बहुत अच्छी लगती हैं। स्टोन ज्वेलरीज में बहुत सारे डिजाइन मार्केट में उपलब्ध हैं। इनमें से कोई भी आप अपनी पसंद और ड्रेस मैचिंग को ध्यान में रखते हुए खरीद सकती हैं।



**गोल्ड ज्वेलरी :** ज्यादातर महिलाओं के पास गोल्ड ज्वेलरी तो होती ही हैं। सूट या साड़ी के साथ गोल्ड ज्वेलरीज बहुत सुटेबल लगती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि जब आप इन्हें पहनें तो आपके सूट या साड़ी में उसी तरह का मैचिंग वर्क होना चाहिए।



**पर्ल ज्वेलरी :** कुछ महिलाओं को थोड़ा सोबर टाइप की ज्वेलरी कैरी करने का शौक होता है। वे त्योहारों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए इन्हें पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी ऐसी ज्वेलरीज पसंद हैं तो इस मकर संक्रांति पर पर्ल ज्वेलरी को पहन सकती हैं। ये ज्वेलरीज आपकी सभी ड्रेस पर सुटेबल लगेंगी।



**एंटीक ज्वेलरी :** अगर आप कुछ डिफरेंट टाइप की ड्रेस पहनने वाली हैं तो इसके साथ आप एंटीक लुक वाली ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। वैसे एंटीक ज्वेलरीज सभी तरह की ड्रेसेस पर फबती हैं और इनमें आपको ट्रेडिशनल लुक भी मिलता है। एंटीक ज्वेलरीज में स्पेशली आप पेंडेंट सेट पहन सकती हैं।



**कलरफुल ज्वेलरी :** कलरफुल ज्वेलरीज का यह फायदा होता है कि ये हर कलर की ड्रेस पर अट्रैक्टिव लुक देती है। इन्हें पहनकर अपने आपको डिफरेंट लुक भी दे सकती हैं। इनमें आप लाइट वेट या फिर हैवी वेट कैसी भी सेलेक्ट कर सकती हैं। ध्यान रखें कि साड़ी या लहंगे पर आप थोड़ी हैवी लुक की ज्वेलरी पहन सकती हैं, जबकि सूट या अन्य ड्रेसेस पर लाइट वेट की ज्वेलरी अच्छी लगती हैं।*

(ज्वेलरी डिजाइनर अर्पणा अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

लघुकथा / पूजा भारद्वाज

# असली दान



सुनो जी, बहू की पहली संकरात है, क्यों ना इस बार मोहल्ले की महिलाओं को शॉल बंटवा दूं? सबको अच्छा भी लगेगा और पहली संक्रांति पर बहू के हाथों उपहार देने की रस्म भी निभ जाएगी।' शीला जी ने चाय पीते समय पति के सामने अपनी इच्छा प्रकट की।

'जैसी तुम्हारी मर्जी!' अखबार में डूबे पति ने शीला जी की ओर देखे बिना ही जवाब दिया।

'इस बार की जिम्मेदारी मेरी है। आगे से बहू अपनी जाने, जो कुछ भी वह देना चाहे अपने हाथों संकरात पर लोगों को दे। अच्छा बताओ मैं उपहार में इस बार क्या दूं?' शीला जी ने अगला सवाल किया।

पति ने संक्षिप्त-सा जवाब दिया, 'भई देख लो, जो तुम्हें सही लगे।'

'मैं तो सोच रही हूं गर्म दास्तानें दे दूं इस दफा। बाकी तो लगभग सभी छोटी-बड़ी चीजें मैं उपहार में संक्रांति के नाम पर दे चुकी हूं।' शीला जी बोलीं। एक पल ठहर कर वह आगे बोलीं, 'शॉल संग ऊनी दस्ताने ठीक रहेंगे, थोड़ा खर्चा ज्यादा हो जाएगा, लेकिन छोड़ो, कौन-सा रोज-रोज किसी को कुछ देते हैं।'

'हम्म, तुम्हारी इच्छा!' पति ने उसी तरह अखबार में डूबे हुए जवाब दिया।

शाम को शीला जी ने बेटे-बहू को भी इस बारे में अवगत करा दिया और संक्रांति से पहले के रविवार को सारी खरीददारी पूरी कर ली।

तेरह जनवरी की रात शीला जी ने पंद्रह घरों की लिस्ट बनाई, जिनके घर शॉल और ऊनी दस्ताने उपहार में देने थे। यह लिस्ट बेटे को थमा दी।

अगले दिन सुबह-सुबह जल्दी नहा-धोकर शीला जी मंदिर चली गईं। दो घंटे बाद लौटीं तो बेटे को आवाज दी, 'मनु, जा सामान ले आ अंदर से, बांटने चलना है। बहू को भी बोल दे तैयार हो जाए।'

'भाग्यवान! इसी के लिए पिछले एक घंटे से तुम्हारा इंतजार हो रहा है छत पर, जाओ जल्दी वहां।' पति हंसते हुए बोले।

शीला जी तुरंत पति के साथ छत पर गईं तो वहां का नजारा देख दंग रह गईं। पंद्रह फटेहाल महिलाओं को बेटा-बहू बड़े प्रेम से भोजन करा रहे थे। शीला जी को देखकर बहू तुरंत उनके पास आई और बोली, 'मम्मी जी, बहुत देर लगा दी आपने? आप ही का इंतजार कर रहे थे हम। लीजिए ये शॉल और दस्ताने नहीं जूते के थैले, इन्हें अपने हाथों से दे दीजिए।'

'लेकिन वह तो मैं मोहल्ले की औरतों...।' शीला जी पूरी बात कह भी नहीं पाई थीं कि बहू बोली, 'मम्मी जी, मोहल्ले की औरतों के घर किसी चीज की कमी नहीं है। कुछ देना ही है तो जरूरतमंद लोगों को दीजिए। उनके काम भी आएगा और दुआएं भी मिलेंगी।' बहू के ये शब्द सुनकर शीला जी ने उन निर्धन महिलाओं की ओर देखा, जो स्वादिष्ट भोजन से तृप्त हो प्रसन्न मुखमुद्रा से उनकी ओर ही देख रही थीं।

शीला जी ने शॉल और जूते का एक-एक थैला प्रत्येक महिला की ओर बढ़ा दिया। उनके चेहरों की निश्छल खुशी और सच्चे आशीर्वाद से शीला जी का मन एक अलग ही अनुभूति से भर गया। उनकी पलकों के किनारे नम हो गए। सबको शॉल-जूते बांट चुकने के बाद शीला जी ने बहू-बेटे के सिर पर आशीर्वाद भरा हाथ रखा फिर बोलीं, 'मेरे बच्चों, आज सच में संक्रांति पर पहली बार पुण्य मिला होगा मुझे, क्योंकि अब तक तो मैंने सिर्फ वस्तुएं बांटी थीं, असली दान तो आज किया है। खुश रहो मेरे बच्चों!' कहकर शीला जी ने अपने बहू-बेटे को गले लगा लिया।*




रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

मकर संक्रांति के अवसर पर तिल और गुड़ से कई तरह के व्यंजन बनाए-खाए जाते हैं। आप भी इन्हें आसानी से घर पर ही बना सकती हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं ऐसे कुछ व्यंजनों की रेसिपी।

# मकर संक्रांति पर बनाएं तिल-गुड़ के व्यंजन

## मूंगफली गुड़-पट्टी



**सामग्री:** कसा हुआ गुड़- 1 बड़ा कप, भूनी मूंगफली के टुकड़े-1 बड़ा कप, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-आवश्यकतानुसार

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करें। इसमें कसा हुआ गुड़ और 1 बड़ा चम्मच पानी मिलाकर पकाएं। आवश्यकता हो तो थोड़ा पानी और मिला लें। गुड़ की गाढ़ी चाशनी बन जाने पर मूंगफली के टुकड़े मिलाकर चिकनाई लगी ट्रे में जमाएं। कुछ देर बाद मनचाहे आकार में काट लें। मूंगफली गुड़ की पट्टी तैयार है।*

## तिल-गुड़ के लड्डू



**सामग्री:** सफेद तिल-250 ग्राम, गुड़ का चूरा-200 ग्राम, कद्दूकस किया सूखा नारियल-100 ग्राम, इलायची पावडर-आधा छोटा चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच

**विधि:** पहले भारी तले की कड़ाही में घी गर्म करें। इसमें तिल मिलाकर मध्यम आंच पर चलाते हुए हल्का ब्राउन होने तक भूनें। इसमें गुड़ का चूरा, सूखा नारियल और इलायची पावडर डालकर अच्छी तरह मिलाकर गैस बंद कर दें। मिश्रण जब हल्का गर्म रहे, तभी हाथों को चिकना करके मनचाहे आकार के लड्डू बना लें।*

## तिल-पिस्ता बर्फी



**सामग्री:** तिल-200 ग्राम, खोया-100 ग्राम, पिस्ता-चौथाई कप, पिसी चीनी-75 ग्राम, शुद्ध घी-1 छोटा चम्मच

**विधि:** सबसे पहले तिल भूनकर रख लें। अब खोया को मंदी आंच पर गुलाबी होने तक भूनें। इसमें भुने तिल मिलाकर थोड़ा और भूनें। जब मिश्रण कड़ाही छोड़ने लगे तब घी डालकर चलाएं। आंच से उतारकर चीनी मिलाएं फिर चिकनाई लगी थाली में जमाकर पिस्ता बुरक दें। मनचाहे आकार में काट लें।*

## तिल-पोटेटो थाली पीठ

**सामग्री :** गेहूं का आटा-1 कप, बेसन-आधा कप, कसे हुए उबले आलू-1 कप, अदरक पेस्ट-1 छोटा चम्मच, बारीक कटी हरी मिर्च-1 बड़ा चम्मच, तिल-1 बड़ा चम्मच, नमक-स्वादानुसार, जीरा-1 छोटा चम्मच, दही-1 कप, रिफाइंड ऑयल-सेंकने के लिए

**विधि:** तिल, तेल, दही और हरी मिर्च छोड़कर सारी सामग्री अच्छी तरह मिलाएं। मिश्रण में आवश्यकतानुसार दही मिलाकर आटा गूंध लें। तैयार आटे की लोइयां बनाएं। थोड़ा-थोड़ा तिल और हरी मिर्च लगाकर लोइयों को बेल लें। कटोरी से गोल काट लें। तवा गरम करके दोनों ओर तेल लगाते हुए उलट-पलट कर थाली पीठ सेंक लें। अब अचार या चटनी के साथ परोसें।*





# भारत-पाक सीमा पर मिला कबूतर और ड्रोन से बंधा पैराशूट पकड़ा

प्याज और टमाटर की कीमतों में गिरावट के बाद दिसंबर में शाकाहारी (वेज) भोजन की थाली की लागत में तीन फीसदी और मांसाहारी (नॉन-वेज) थाली की कीमत में पांच फीसदी की कमी आई है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च ने अपनी 'राइस रोटी रेट' रिपोर्ट जारी की।

- शाकाहारी और मांसाहारी थाली की दरें क्रमशः तीन व पांच फीसदी घटी

रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर में घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी (नॉन-वेज) थाली की दरें क्रमशः तीन फीसदी और पांच फीसदी घट गईं। इसमें कहा गया है कि शाकाहारी और मांसाहारी थाली का दाम घटने की वजह प्याज और टमाटर का सस्ता होना है। मासिक आधार पर दिसंबर में प्याज के दाम 14 फीसदी और टमाटर के तीन फीसदी घटे हैं। त्योहारी सीजन के समाप्त होने की वजह से घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाली इन सब्जियों के दाम घटे हैं।

**क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट**

### सब्जियों के दाम घटे हैं

त्योहारी सीजन के समाप्त होने की वजह से घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाली इन सब्जियों के दाम घटे हैं। रिपोर्ट कहती है कि ब्रॉयलर की कीमत मासिक आधार पर पांच-सात प्रतिशत घटने की वजह से मांसाहारी थाली की लागत अधिक तेजी से घटी है। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा 50 प्रतिशत बैठता है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि थाली की कीमत में बदलाव अनाज, दाल, ब्रॉयलर, सब्जियां, मसाले, खाद्य तेल और रसोई गैस की कीमतों के आधार पर आता है।



### सालाना आधार पर वेजिटेरियन थाली महंगी

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि सालाना आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत में चार फीसदी की गिरावट आई है। इसमें कहा गया है कि शाकाहारी भोजन की लागत बढ़ने की प्रमख वजह प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमशः 82 और 42 फीसदी की बढ़ोतरी है।

### ब्रॉयलर सस्ता होने से नॉन वेज थाली ज्यादा सस्ती हुई

रिपोर्ट कहती है कि ब्रॉयलर की कीमत मासिक आधार पर पांच-सात फीसदी घटने की वजह से मांसाहारी थाली की लागत अधिक तेजी से घटी है। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा 50 फीसदी बैठता है। घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में थाली तैयार करने की कीमतों के आधार पर की जाती है।

### दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी खाद्य व पेय प्रदर्शनी में बोले वाणिज्य सचिव

# देश का कृषि निर्यात वर्ष 2030 तक दोगुना होकर होगा 100 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

देश का 50 अरब डॉलर का मौजूदा कृषि निर्यात वर्ष 2030 तक दोगुना होकर 100 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को वर्ष 2030 तक 2,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

बर्थवाल ने यहां 'इंडसफूड मेला-2024' में कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि आज भारत का 50 अरब डॉलर का निर्यात वर्ष 2030 तक दोगुना होकर लगभग 100 अरब डॉलर हो जाएगा। यह दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय प्रदर्शनी है।

### रेडी-टू-ईट क्षेत्र में काफी संभावनाएं

सचिव ने कहा कि 'रेडी-टू-ईट' खाद्य खंड जैसे क्षेत्रों में बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्योग जगत से आयातक देशों की तकनीकी मानक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

### चावल, गेहूं व चीनी पर लगा है अंकुश

मेले का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चावल, गेहूं और चीनी सहित कुछ प्रमुख वस्तुओं की खेप पर लगाए गए अंकुशों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में देश का कृषि निर्यात पिछले साल के 53 अरब डॉलर के स्तर से अधिक रहेगा।

**वर्तमान में देश का कृषि निर्यात 50 अरब डॉलर** ▶ **वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 2000 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य** ▶ **'रेडी-टू-ईट' खाद्य खंड जैसे क्षेत्रों में बढ़ने की काफी संभावनाएं**

### प्रतिबंधों की वजह से निर्यात प्रभावित

इससे पहले एक अधिकारी ने कहा था कि निर्यात प्रतिबंध और अंकुशों की वजह से इस वित्त वर्ष में लगभग चार से पांच अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा। सरकार ने गेहूं और गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर रोक लगा दी है और चीनी निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।



### 80 से अधिक खुदरा श्रृंखलाएं भाग ले रही

सिंगला ने कहा, इसमें कैरेफोर, खिमजी रामदास, ग्रैंड हाइपरमार्केट, नेस्टो, मुस्तफा, एक्स5, लुलु, अल्माया ग्रुप और स्पार जैसी 80 से अधिक खुदरा श्रृंखलाएं भी भाग ले रही हैं। गोयल ने यह भी कहा कि किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने, रोजगार पैदा करने और देश की कमाई बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर खाद्य प्रसंस्करण, उत्पाद ब्रांडिंग और निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

### 7500 से अधिक खरीदार भाग ले रहे

कार्यक्रम में भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद के अध्यक्ष मोहित सिंगला ने कहा कि दुनिया भर से लगभग 90 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1,200 से अधिक प्रदर्शक और 7,500 से अधिक खरीदार तीन दिवसीय शो में भाग ले रहे हैं।

### ओडीओपी के तहत 708 खाद्य पदार्थों की पहचान

संवर्धन परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि 158 खाद्य और कृषि उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) के दर्जे दिए गए हैं, और उनके प्रचार के लिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के तहत 708 खाद्य पदार्थों की पहचान की गई है।

### स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का आग्रह

गोयल ने उद्योग से फ्रोजन, डिब्बा बंद और खाने के लिए तैयार खाद्य पदार्थों पर ध्यान केंद्रित करने, कौशल विकास, विश्वविद्यालय विनिमय कार्यक्रमों और क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि उद्योग को खाद्य पोषण को महत्व देते हुए गुणवत्ता, पोषण, जैविक सामग्री और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

# बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 671 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रह पायी और बीएसई सेंसेक्स 671 अंक लुढ़क कर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों की बैंक, धातु तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 670.93 अंक यानी 0.93 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,355.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 725.11 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.80 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,513 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, "निफ्टी में दो दिन से जारी तेजी पर आज विराम लगा।

- शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया
- बैंक, धातु व एफएमसीजी शेयरों में रही बिकवाली

### इन शेयरों में रहा लाभ

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, सन फार्मा, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और टाइटन शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 0.87 प्रतिशत नीचे आया और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत कमजोर रहा।

# सोने में 250 रुपए की गिरावट चांदी 400 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 250 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये लुढ़ककर 76,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 76,700 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। सोने का 355 रुपये गिरकर 62,202 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इसके अलावा, चांदी का मार्च अनुबंध का भाव 415 रुपये गिरकर 72,172 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,029 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 22.95 डॉलर प्रति औंस रही।

# अर्हम टेक्नोलॉजी लिमिटेड के प्रोडक्ट्स में लगे खुद के पंख

- मात्र 1100 रुपए से पंखे की रेंज शुरू

**रायपुर।** अर्हम टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने बाजार में उपभोक्ताओं के लिए अपने सनशाइन ब्रांड की सीरीज में पंखे के पंख को जोड़ दिया है। कंपनी ने अपने स्टार साइन ब्रांड के पंखे मल्टीपल वैराइटीज में बेस्ट क्वालिटी के साथ बाजार में उतार दिए हैं। मात्र 1100 से पंखों की रेंज शुरू की गई है, जो हर वर्ग की पहुंच से बहुत करीब है। लांचिंग के अवसर पर बिलासपुर हाई कोर्ट के पूर्व जज गौतम चौरडिया, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रोशन जैन,कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित जैन, डायरेक्टर अनेकांत जैन सहित प्रमुखजन, कंपनी के स्टाफ रायपुर और छत्तीसगढ़ के सभी डीलर्स उपस्थित थे।

कंपनी के एग्जेक्युटिव डायरेक्टर अंकित जैन ने बताया कि कंपनी ने 7 जनवरी को पंखे की यूनिट का उद्घाटन किया है। कंपनी सीलिंग फैन के साथ ही बीएडीसी पंखे स्टार साइन प्रोडक्ट के नाम से बाजार में उतार दी है। पंखे हाई स्पीड के साथ ही बेस्ट क्वालिटी और 5 साल की वारंटी के साथ उपलब्ध रहेंगे। मेक इन




इंडिया के तहत फर्स्ट क्लास प्रोडक्ट कंपनी की ओर से बनाए जा रहे हैं। भारत सरकार के सहयोग से नया रायपुर में यूनिट लगाई है।

कंपनी के डायरेक्टर अनेकांत जैन ने कहा कि हमारा जो मार्केट है वह छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित अन्य जगहों में है। 1 साल में हमने बहुत अच्छा ग्रोथ किया है। पंखे के अलावा, टीवी, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, एयर कूलर हमारे प्रमुख प्रोडक्टस हैं। अब हम गूगल टीवी की रेंज जल्द लांच करने वाले हैं। भविष्य में हम इलेक्ट्रॉनिक डिवीजन में और भी प्रोडक्ट्स को ऐड करेंगे।

# नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस को मिला स्वास्थ्य बीमा कंपनी का लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरु

नारायणा हृदयालय लिमिटेड की सब्सिडरी कंपनी- नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड (नारायणा हेल्थ) को स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है।

यह लाइसेंस इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा प्राप्त हुआ है। नारायणा हृदयालय के फाउंडर एंड चेयरमैन एवं नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस के चेयरमैन डॉ. देवी शेट्टी ने कहा कि हमें एक स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी के रूप में काम करने का लाइसेंस प्राप्त करके बेहद ही प्रसन्नता हो रही है। यह हमारी कंपनी के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है और इससे हमें स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने के अपने मिशन को हासिल करने में मदद मिलेगी। नारायणा हृदयालय लिमिटेड के वॉइस चेयरमैन और नारायणा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड के डायरेक्टर वीरेन शेट्टी ने कहा कि हमारा लक्ष्य अपने लाभकर्ताओं के लिए एक सहज और एकीकृत स्वास्थ्य सेवा अनुभव प्रदान करना है, हमारा मानना है कि यह लाइसेंस हमें लोगों को स्वस्थ रखने और समाज के वंचित वर्गों को किफायती स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के हमारे उद्देश्य को पूरा करने में मदद करेगी।

# ओएनजीसी का गहरे समंदर से तेल उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी बहुप्रतीक्षित प्रमुख गहरे समुद्र परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर दिया है।

कंपनी को अपनी इस प्रमुख परियोजना से उत्पादन शुरू करने में काफी देरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इससे उसे कई साल के उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि बंगाल की खाड़ी में गहरे पानी के केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से पहला तेल सात जनवरी को निकला है।

### परियोजना से ओएनजीसी की क्षमता 15 फीसदी बढ़ेगी

ओएनजीसी ने बयान में कहा कि 98/2 परियोजना से उसकी कुल तेल और गैस उत्पादन क्षमता में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1.84 करोड़ टन कच्चे तेल और 20 अरब घनमीटर प्रतिदिन गैस का उत्पादन किया था।



### महामारी के कारण परियोजना में देरी हुई

क्लस्टर-2 तेल का उत्पादन नवंबर, 2021 तक शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। ओएनजीसी ने समुद्र के नीचे से तेल का उत्पादन शुरू करने के लिए फ्लोटिंग जहाज आर्मडा स्टर्लिंग-वी किराये पर लिया है।

*बोइंग 737-8 मैक्स विमानों की जांच पूरी : डीजीसीए : नई दिल्ली।* *नागर विमानन महानिदेशालय ने सोमवार को कहा कि बोइंग 737-8 मैक्स विमानों का निरीक्षण पूरा हो गया है और यह संतोषजनक रहा है। घरेलू एयरलाइन कंपनियों को अलास्का एयरलाइंस की घटना के मद्देनजर 'पर्याप्त एहतियाती उपाय' के रूप में अपने बेड़े में सभी बोइंग 737-8 मैक्स विमानों के आपातकालीन निकास का तुरंत निरीक्षण करने का निर्देश दिया था।*

# म्यूचुअल फंड उद्योग की परिसंपत्तियां बढ़ी

**नई दिल्ली।** औसत प्रदर्शन से उबरते हुए म्यूचुअल फंड उद्योग ने वर्ष 2023 में पर्याप्त तेजी देखी और इसका परिसंपत्ति आधार लगभग 11 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

इस विस्तार के पीछे शेयर बाजार में तेजी के दौर, स्थिर ब्याज दरों और एक मजबूत आर्थिक वृद्धि की अहम भूमिका रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2023 में फंड योजनाओं में समग्र निवेश में खासी तेजी दर्ज की गई है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्र. - 1, रायपुर (छ.ग.)**

ज्ञापन क्र. 48/ व.ले.लि. / रायपुर, दिनांक 04/01/2024

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 25 / व. ले.लि. / 2023-24 दिनांक 03.10.2023 सिस्टम निविदा क्र. **148996** द्वारा "गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर में पितईबंद एनीकट के अपस्ट्रीम में महानदी के दोनों तट पर एफ्लक्स बंड का निर्माण एवं बैंक प्रोटेक्शन कार्य" (प्रथम आमंत्रण) राशि रू. 261.05 लाख की निविदा आमंत्रित की गयी थी, संबंधित निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही किया जायेगा।

अतः आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक **148996** निविदा सूचना क्रमांक 25/ व.ले.लि./ 2023-24 दिनांक 03.10.2023 (**G- No 06003 Dated 05.10.2023**) को एतद द्वारा निरस्त की जाती हैं।

**सहपत्र :- शून्य।**

**कार्यपालन अभियंता**
**जल प्रबंध संभाग क्र. - 1, रायपुर (छ. ग.)**

G-06928/1

**-:: कार्यालय प्रशासकीय अधिकारी ::-**
**।। विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र, दुर्ग ।।**
**Ph.no. :- 0788-2212088 Email:- vvkdurg@gmail.com**

क्र. / 89/ वि.वि.के./ दुर्ग, दिनांक - 03.01.2024

**विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र, दुर्ग पंजीकृत स्थानीय विक्रेता मेस सामग्री प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2023-24**
**-:: संक्षिप्त ::-**

कार्यालय विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र, कन्या दुर्ग छात्रावास के मेस संचालन के लिए (A) खाद्य सामग्री अनाज मसाले व अन्य (B) फल एवं सब्जियाँ (C) मांसाहारी सामग्री (D) डेयरी सामग्री प्रदाय करने हेतु स्थानीय विक्रेता मुहरबंद पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि - 09.01.2024 से 13.01.2024 तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 15.01.2024 से 20.01.2024 तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 25.01.2024

निविदा फॉर्म दिनांक 20.01.2024 को सांयकाल 05:00 बजे तक कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा किया जा सकता है। प्राप्त निविदांए दिनांक 25.01.2024 को सांयकाल 02:00 बजे जिला स्तरीय समिति एवं उपस्थिति निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा। निविदा का पूर्ण आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित है। निविदा फार्म में दर्शायी गयी सूची के अनुसार नमूना (sample) निविदाकर्ता द्वारा निविदा खोलते समय प्रस्तुत करना होगा।

**प्रशासकीय अधिकारी**
**विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र, दुर्ग**

G-06938/2

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal:http://wrd.cgeprocurement.gov.in
**।। निविदा निरस्तीकरण सूचना ।।**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित (1) सिस्टम निविदा क्रमांक 147466 उलनार जलाशय लाईनिंग कार्य, (2) सिस्टम निविदा क्रमांक 147473 पीठापुर जलाशय लाईनिंग काय कार्य, (3) सिस्टम निविदा क्रमांक 148007 भानपुरी सिंचाई कालोनी में स्थित कार्यालय भवन, रहवासी भवन, निरीक्षण गृह का पुर्ननिर्माण कार्य एवं (4) सिस्टम निविदा क्रमांक 148470 कुम्हरावण्ड उ.सि.यो. कार्य जिसका जी नंबर क्रमशः 05414, 05416 दिनांक 15.09.2023, 05702 दिनांक 26.09.2023 एवं 05780 दिनांक 28.09.2023 की निविदा आमंत्रण में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

G- 06936/4

**// आम सूचना //**
**वाके मौजा भाटागाँव प.ह.न. 60 विनायक सिटी के सभी भूखण्ड धारी सदस्य के संबंध मे**

सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम भाटागाँव मे स्थित विनायक सिटी आवासीय कालोनी जो कि नगर तथा ग्राम निवेश रायपुर के नियमों व शर्तें के अनुसार निर्मित है सभी भूखण्डधारियों की एक समिति बनाई जा रही है उक्त समिति में सभी भूखण्डधारियों को सदस्य बनना है जिसकी सूचना दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है।

अतः सभी भूखण्डधारियों को विनायक सिटी कार्यालय में आकर अतिशीघ्र सम्पर्क कर सकते है। नोट : सभी भूखण्डधारियों को समिति सदस्य बनना अनिवार्य है।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनाक : 07/01/2024**

**सुचनाकर्ता**
**सागर सिंह ठाकुर**

**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग**

**प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्र. 01**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग अंतर्गत- दीनदयाल आवास कॉलोनी जोराताल कवर्धा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रपत्र-अ में राशि रू. 83.45 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग - कवर्धा के मो.नं. 94242-84256 पर सम्पर्क करें।

S-39294/2 **उपायुक्त**

**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Website - www.nagarnigamdhamtari.com,
Email ID - commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax 07722-241599

**-:: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2024/89 धमतरी, दिनांक 8/1/2024

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा समग्र शिक्षा मद अंतर्गत 04 विभिन्न शासकीय शालाओं में बालिका शौचालय जीर्णोद्धार कार्य (अनुमानित लागत राशि 1.68 लाख रू.) के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के भवन एवं सड़क एस.ओ.आर. दिनाक 01.11.2021 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "ए" में त्रि-लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 30.01.24 तक आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम धमतरी**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड**

क्र. कार्य/नरा/सा/प्रका/ 6214 न. राजिम दिनांक- 08/01/2024

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 केव्ही उपकेन्द्र कोमा में ट्रांसफार्मर क्षमता वृध्दि व 33 केव्ही फीडर शिफ्टंग कार्य हेतु दिनांक 09.01.2024 दिन मंगलवार को प्रातः 09.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक दर्शाये गये निम्नलिखित क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी।

| क्र. | 33 केव्ही फीडर का नाम | प्रभावित उपकेन्द्र / संबंधित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 33 केव्ही कोमा - फिंगेश्वर फीडर | न. राजिम संभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त 33/11 केव्ही उपकेन्द्र से संबंधित फीडर तथा उनसे जुडे समस्त ग्राम (वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर बस्ती लाईन चालू की जावेगी) |
| 2 | 33 केव्ही कोमा बेलर फीडर | |
| 3 | 33 केव्ही कोमा- नया गरियाबंद फीडर | |
| 4 | 33 केव्ही कोमा - पुराना गरियाबंद फीडर | |
| 5 | 33 केव्ही कोमा - अभनपुर फीडर | |
| 6 | 33 केव्ही कोमा - पारागांव फीडर | |
| 7 | 33 केव्ही कोमा - राईसमिल फीडर | |
| 8 | 33 केव्ही कोमा-आश्रम फीडर | |
| 9 | 33 केव्ही कोमा-भेण्ड्री फीडर | |
| 10 | 33 केव्ही कोमा-छुरा फीडर | |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

"बिजली की बचत करें"
"विद्युत देयक का भुगतान समय पर कर असुविधा से बचें"

**( एस. के. गुप्ता )**
**कार्यपालन यंत्री (सं/सु) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., न राजिम**

# लिवरपूल ने आर्सेनल को हराया, सिटी की 5-0 से धमाकेदार जीत

एजेंसी ▸▸ लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लिवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है। टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं।

रविवार को लिवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।



## फिल फोडेन ने 33वें और 65वें मिनट में दागे गोल

*मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की। मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया। रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे। रेक्सहैम ने श्रुसबरी के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। वेस्टहैम को दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी ने 1-1, नॉटिंघम फॉरेस्ट को तीसरे टीयर की टीम ब्लैकपूल ने 2-2 जबकि ल्युटन को तीसरे टीयर की टीम बोल्टन ने गोल रहित बराबरी पर रोका।*



## खबर संक्षेप



### मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने केफलेजिगी

**मुंबई।** एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। यह विश्व एथलेटिक्स की 'गोल्ड लेबल' की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है। एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे। वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने। वह अपने करियर में कुल आठ बार न्यूयॉर्क मैराथन में शीर्ष 10 में शामिल रहे।

### यूबैंक्स और मोनफिल्स पहले दौर में हारे



**ऑकलैंड।** अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को यहां हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा लेकिन 6-7, 2-6 से हार गये। फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी। हंगरी के फैबियन मरोज्सन के खिलाफ वह तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले को 2-6, 7-6, 6-7 से गंवा बैठे।

### तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसा




**रांची।** अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी। सविता पूनिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले साल नवंबर में यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंधा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। मेजबान टीम ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपना लगातार दूसरा खिताब जीता था।

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : पहले दिन जीते छह पदक

# तोमर और ईशा ने स्वर्ण पदक के साथ हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▸▸ जकार्ता

भारत के युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा।

भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।




### 16 कोटा स्थान दांव पर

*इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे।*




### ईशा के फाइनल में 243.1 अंक

*महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।*

## अनाहत 2024 ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में रहीं उपविजेता



एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उपविजेता रहीं। अनाहत को रविवार को बर्मिंघम विश्वविद्यालय में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली। अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था। इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपिन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 जंग आज

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

# क्रेसिकोवा और माइया एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में हारे

एजेंसी ▸▸ एडीलेड

फ्रेंच ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को यहां एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी।

केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया। पूर्व में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना चुकी पावलुचेनकोवा ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए मुख्य वर्ग में जगह बनाते हुए पांचवीं वरीय हदाद माइया को 6-3, 6-4 से हराया। पहले दौर में एक अन्य मुकाबले में एना बोगडन ने केटी बोल्टर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात

**नई दिल्ली।** अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। सत्रह साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुवाई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इसमें चार सदस्यीय भारतीय टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी 2024 तक ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे।



# हेनरिक क्लासेन ने की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▸▸ प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त कॅरियर खत्म हो गया। रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट कॅरियर में चार मैच खेले। वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट कॅरियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।



## मलेशिया ओपन आज से, ओलंपिक कोटा पर निगाह

# पदक से शुरुआत करना चाहेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा। इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा और उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी। सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी। श्रीकांत की विश्व रैंकिंग 24वीं हैं और वह 2023 में सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। सेन और श्रीकांत के लिए चीजें आसान नहीं होने वाली हैं क्योंकि उन्हें यहां शुरुआती दौर में क्रमशः चीन के वेंग होंग येंग और इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना है।




### सात्विक-चिराग दिलाएंगे पदक

पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं। वे 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे। दिसंबर में तीन फाइनल में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी अब इस सत्र में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेगी। यह जोड़ी अभी ओलंपिक खेलों की क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 21वें स्थान पर है। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी 27वें स्थान पर है। मलेशिया ओपन चार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में से एक है। उसे पिछले साल यह दर्जा मिला था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, चीन ओपन और इंडोनेशियाई ओपन विश्व सर्किट में अन्य तीन सुपर 1000 टूर्नामेंट है।



Dr. Juneja's
No More जोर
पेट सफा लो हर रोज...
तो आज ही ले आइए पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, परिणाम हैं पहले दिन से और इसकी आदत भी नहीं बनती।
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

हाईकोर्ट का आदेश

# उर्दू अकादमी के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे इदरीस गांधी

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने एक अहम मामले में निर्णय सुनाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी को बड़ी राहत देते हुए उन्हें उनके पद पर बने रहने का आदेश जारी किया है। न्यायमूर्ति एन के चन्द्रवंशी की एकलपीठ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि तीन साल के पहले इदरीस गांधी को नहीं हटाया जा सकता है।



याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय के समक्ष पक्ष रखा गया कि क्लॉज 7 और 9 के तहत वैधानिक प्रावधान है, जिसके तहत तीन वर्ष के पूर्व पद से नहीं हटाया जा सकता और हटाने के जो वैधानिक प्रावधान है, उनका पालन किए बगैर मनमाने तरीके से नहीं हटाया जा सकता । ऐसे में उन्हे हटाना पूर्णतः अवैधानिक कार्रवाई है। कोर्ट ने कहा कि हटाने के किसी भी प्रकिया का पालन को राज्य सरकार ने नहीं किया है। न्यायालय ने उर्दू अकादमी के अध्यक्ष को कार्य करने की अनुमति दी है। न्यायालय ने यह भी कहा है कि सरकार का आदेश पूरी तरह अवैधानिक है और उसका मनमाना अर्थ लगाकर छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी की नियुक्ति को मनमाने तरीके से रद्द नहीं किया जा सकता।

## सुशील को भी मिली राहत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिकरण के सदस्य सुशील कुमार शुक्ला को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उन्हें पद पर बने रहने का आदेश जारी किया है। बता दें कि बीते 20 दिसंबर को सुशील कुमार शुक्ला की सेवा समाप्ति का आदेश जारी हुआ था। छग आवास एवं पर्यावरण विभाग के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। ज्ञात हो कि सरकार बदलने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने एक कॉमन आर्डर जारी कर राजनीतिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से खत्म करने का आदेश जारी किया था। जीएडी के इस आदेश के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ आवास एवं पर्यावरण विभाग ने सुशील कुमार शुक्ला की बीते 20 दिसम्बर को सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया, जिसे सुशील कुमार शुक्ला ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

इकलौती प्रति

उर्दू में रामायण को डिजिटल करने वाली टीम है बेहद उत्साहित

# बेहद अनोखी है ये रामायण, पढ़ते-देखते समय सुरक्षा में तैनात रहते हैं कर्मचारी

नई दिल्ली। अयोध्या में रामकाज के बीच आज हम एक ऐसी रामायण के बारे में आपको बताने जा रहे हैं जो बेहद अनूठी है। जब भी कोई इसे देखने या पढ़ने आता है तो इसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारी तैनात रहते हैं। उर्दू में लिखी गई ये अनोखी रामायण मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी में सुरक्षित रखी है।





आपको बता दें कि उर्दू में लिखी हुई रामायण अब डिजिटल हो गई है. अब उर्दू में लिखी रामायण को डिजिटल रूप में पढ़ा जा सकता है। एक सौ चार साल पुरानी इस रामायण के कई महीनों की मशक्कत के बाद डिजिटल किया गया है। विवि के छात्र छात्राएं और उर्दू में रामायण को डिजिटल करने वाली टीम बेहद उत्साहित हैं। सभी का कहना है कि उर्दू में रामायण पढ़ना बेहद दिव्य अनुभव है।

### 1916 को लाहौर में हुई थी प्रकाशित, पूरी दुनिया में सिर्फ इकलौती प्रति

खास बात यह है कि उर्दू में लिखी यह 'रामायण' बेहद अनमोल है। देश में मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में ही इसकी इकलौती प्रति मौजूद है। बताया जाता है कि आजादी से पूर्व जब पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत का हिस्सा हुआ करते थे, तब 1916 में लाहौर में उर्दू रामायण प्रकाशित हुई थी। इस रामायण को महात्मा शिवव्रत लाल द्वारा उर्दू में ट्रांसलेट किया गया था। जिससे जो भी उर्दू भाषा में रामायण का अध्ययन करना चाहते हैं वह इस रामायण को पढ़ सकें।

### जिसके पास थी रामायण वह देने तैयार नहीं थे

इस रामायण में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित रामायण से जुड़ी सभी चौपाई उर्दू में दी हुई हैं। चौधरी चरण सिंह विवि में राजा महेंद्र प्रताप पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ जमाल अहमद सिद्दीकी ने बताया कि, वो कुछ वर्षों पहले एक कार्यक्रम में गए थे। जहां एक विद्वान व्यक्ति की निजी लाइब्रेरी में उन्होंने यह उर्दू रामायण देखी। उर्दू रामायण को देखकर जमाल सिद्दीकी ने आग्रह किया कि इस नायाब और खास भाषा में लिखी रामायण को उन्हें दे दिया जाए। पहले तो संबंधित व्यक्ति द्वारा इस रामायण को देने से मना कर दिया गया। बार बार अनुरोध करने के बाद इसे राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी के लिए लाया गया। तब से यह लाइब्रेरी की अमानत बनी हुई है और अब इस रामायण को डिजिटल कर दिया गया है।

### पढ़ते-देखते समय तैनात रहते हैं दो कर्मचारी

लगभग 104 वर्ष पुरानी यह उर्दू रामायण सिर्फ उन्हीं छात्रों को दिया जाता है जो इसके बारे में जानना चाहते हैं। इतना ही नहीं रामायण का अध्ययन करते समय लाइब्रेरी प्रशासन का कोई ना कोई पदाधिकारी साथ में रहता है क्योंकि यह विश्विद्यालय की एक अनमोल अमानत है।

### डिजिटल प्लेटफार्म पर लांच ग्लोबल होगा संस्करण

लाइब्रेरी प्रशासन ने इस खास रामायण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लॉन्च कर दिया है। विवि प्रशासन ने इस उर्दू रामायण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया है। बहुत जल्द डिजिटल संस्करण ग्लोबल हो जाएगा और कोई भी कहीं पर भी उर्दू में लिखी हुई रामायण पढ़ सकता है। शायद इसलिए कहते हैं कि वाकई में राम की महिमा निराली है और राम के भक्तों की श्रद्धा अपरंपार है।

## रोचक खबरें

### मशहूर : पूरे एशिया में सबसे खास है यह चिड़ियाघर, यहां हैं हर राज्य के पशु-पक्षी

**नैनीताल।** उत्तराखंड का नैनीताल तो पूरे देश में मशहूर है, ये तो हम सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं यहां का चिड़ियाघर भी पूरे एशिया में एक अलग ही पहचान बनाए हुए हैं। जी हां, कई आकर्षणों के बीच यहां एक चिड़ियाघर भी हैं, जो एशिया का सबसे हाई एल्टिट्यूड जू होने के अलावा देश के कोने-कोने से लाए जाने वाले जानवरों की प्रजातियों के लिए भी मशहूर है। लगभग 11 एकड़ में फैले नैनीताल चिड़ियाघर परिसर भी काफी खूबसूरत है, जगह-जगह यहां आपको पेंटिंग्स दिख जाएगी, जिसमें कुमाऊंनी शैली डिजाइन की गई है। वहीं पूरे परिसर में घूमने के बाद आप खूबसूरत पार्क में आराम भी कर सकते हैं। 11 एकड़ में फैले इस चिड़ियाघर की स्थापना 1984 में की गई थी, साल 1995 में इस चिड़ियाघर को पर्यटकों और आम नागरिकों के लिए भी खोल दिया गया था। अभी यहां देश-विदेश से लाए गए कुल 200 जानवर और पक्षी मौजूद हैं।



### उत्सव : संक्रांति पर होगी मुर्गों की लड़ाई, ताकत के लिए खिलाई जा रहीं दवाएं

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान मुर्गों की लड़ाई होती है। इस लड़ाई में सट्टेबाजी भी की जाती है, जिसमें करोड़ों रुपये दांव पर लगते हैं। अब मकर संक्रांति कुछ ही दिनों बाद आने वाली है, इसलिए मुर्गापालक अपने मुर्गों को लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए स्टेरॉयड युक्त भोजन के अलावा वियाग्रा और शिलाजीत भी खिला रहे हैं। इससे पता चलता है कि इलाके में मुर्गों की लड़ाई कितनी जरूरी है। इस साल मुर्गों की लड़ाई का त्योहार 14 से 16 जनवरी तक मनाया जाएगा और इसके लिए अखाड़े भी खुल गए हैं। हालांकि, संक्रांति के लिए कम समय बचा है। ऐसे में दावेदार मुर्गों को अच्छी स्थिति में रहने की जरूरत है, लेकिन एक वायरल बीमारी 'रानीखेत' के कारण मुर्गे कमजोर हो गए हैं और लड़ने की स्थिति में नहीं हैं।



# दुनिया की सबसे पुरानी और गहरी झील, छुपा है 500 टन सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि दुनियाभर में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जिन्हें देखने के बाद आपको अपनी आंखों पर यकीन नहीं होगा। उनसे जुड़े तथ्यों को जानकर यही ख्याल आता है कि दुनिया में ऐसा भी हो सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के बहुत से रहस्यों को सुलझा दिया है, लेकिन आज भी ऐसे कई रहस्य मौजूद हैं, जिन्हें सुलझाना बाकी है। बिल्कुल ऐसा ही एक रहस्य रूस की बैकाल झील अपने में समेटे हुए है। दरअसल, रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी, सबसे बड़ी और सबसे पुरानी झील है, झील में उतरना खतरे से खाली नहीं है, कहते हैं कि इस झील में जाने वाले का वापस आना मुश्किल हो जाता है।



### आखिर क्यों मानी जाता है इसे खतरनाक

बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी और सबसे बड़ी ताजा पानी की झील है। बैकाल झील में दुनिया का लगभग 20 फीसदी साफ पानी का जमाव है। झील के ऊपर बर्फ की चादर के नीचे पानी बेहद ठंडा रहता है जिसमें मानव का जीना नामुमकिन ही है। शायद यही कारण है कि इस झील में किसी को भी उतरने नहीं दिया जाता यह झील 1700 मीटर यानी 1.7 किलोमीटर गहरी है, जिसे मीठे पानी का एक प्रमुख स्रोत भी माना जाता है। यह झील लंदन और एडिनबर्ग के बीच की दूरी जितनी लंबी है, जोकि हर साल 2 सेमी की दर से बढ़ती ही जा रही है।

### सर्दियों में जम जाती है दो मीटर मोटी बर्फ

इतना ही नहीं, सर्दियों में पारा गिरने से इस झील पर दो मीटर मोटाई की बर्फ की परत जम जाती है। सबसे खास बात है कि जब बैकाल झील जम जाती है, तो यहां एक अद्भुत नजारा भी सामने आता है। बैकाल झील का पारिस्थितिकी तंत्र ऐसा है कि जब झील जम जाती है तो यहां का पानी मीथेन गैस का वातावरण में रिलीज नहीं होने

### बैकाल झील लगभग 2,500 मिलियन वर्ष पुरानी

बैकाल झील लगभग 2,500 मिलियन वर्ष पुरानी है। यही कारण है कि इसे दुनिया की सबसे पुरानी झील माना जाता है। यह झील चारों तरफ से पहाड़ों से घिरी हुई है। इसके उत्तर तट पर बैकाल पर्वत, उत्तर पूर्वी तट पर बरगुज़िन रेंज और पश्चिमी तट पर प्रीमोर्सकी रेंज शामिल है।

**झील में ओलखोन सहित 27 द्वीप शामिल :** इस झील में 27 द्वीप भी शामिल हैं। जिसमें सबसे बड़ा ओलखोन द्वीप है, जोकि 72 किमी (45 मील) लंबा है। यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा झील से घिरा द्वीप है। झील को लगभग 330 बहने वाली नदियों से पानी मिलता है। बैकाल में सीधे बहने वाली मुख्य धाराएं सेलेंगा-बारगुजिन, ऊपरी अंगारा, तुर्का, सरमा और स्नेझनाया हैं।

### शिकारियों से बचने एक आंख खोलकर सोती है डॉल्फिन

**नई दिल्ली।** जलीय स्तनधारी जीवों में माना जाता है कि डाल्फिन मछली दिमाग की सबसे तेज होती है। आपने भी अक्सर उसे इशारों पर करतब करते हुए देखा होगा। क्या आप जानते हैं कि जब जलीय स्तनधारी जीव डॉल्फिन सोती है तो अपनी एक आंख खोलकर सोती हैं, जिससे वह नींद में भी सचेत रहकर खुद को शार्क जैसे शिकारी जीवों से बचा पाती है। सोते समय भी उसका आधा दिमाग काम करता रहता है। इसका कारण है कि उसे कभी-कभी सतह तक जाने और सांस लेने के लिए पर्याप्त नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत होती है।

रहस्य इस गांव में 400 से ज्यादा जोड़े जुड़वा

# इस गांव में हैं सबसे ज्यादा जुड़वा बच्चे

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक ऐसा गांव है, जहां सैकड़ों जुड़वा बच्चे हैं। इस गांव का नाम कोडिन्ही है और यहां असामान्य रूप से बड़ी संख्या में जुड़वा बच्चे हैं। कुछ लोग इसे खान-पान का नतीजा बताते हैं तो कुछ इसे हवा-पानी की देन मानते हैं। ऐसा होने का कारण पता लगाने के लिए कई तरह के शोध भी किए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी यह एक रहस्य बना हुआ है।



कोडिन्ही, मलाप्पुरम जिले का एक छोटा और सुदूर गांव है, जहां सबसे ज्यादा जुड़वा बच्चे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गांव में 400 से ज्यादा जोड़े जुड़वा हैं। जुड़वा बच्चों की इतनी अधिक संख्या होने के कारण ही इस गांव को 'ट्विन टाउन' भी कहा जाता है। इस असामान्य घटना की पहेली को सुलझाने के लिए डॉक्टर और विषेषज्ञ भी अपना दिमाग लगा रहे हैं। हालांकि, वे अभी तक किसी सटीक नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं।

### 1990 के बाद से जुड़वा बच्चों के जन्म में हुई वृद्धि

जानकारी के मुताबिक, गांव में जुड़वा बच्चे के जन्म का मामला पहली बार 1940 के दशक में आया था, लेकिन 1990 के दशक के अंत तक जुड़वा बच्चों के जन्म की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी। इसके बाद से ही गांव में जुड़वा बच्चों के जन्म की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिससे यह धीरे-धीरे शोधकर्ताओं के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया है, जो जुड़वा जन्म की घटना का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं।

**जुड़वा बच्चों को विशेष उपहार मानते हैं निवासी :** गांव के लोग जुड़वा बच्चे होना एक विशेष उपहार के रूप में देखते हैं और अपनी जुड़वा आबादी पर गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, यहां के निवासी जुड़वा बच्चों के लेकर वार्षिक उत्सव भी मनाते हैं और इसमें भाग लेने के लिए देशभर के लोग कोडिन्ही आते हैं।

# पार्क में टाइगर को टहला रहा था बच्चा, फिर अचानक हुआ ऐसा....

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने कुत्ता, बिल्ली, कुत्ता समेत कई जानवरों को अपने घर में पाला होगा या अपने अगल बगल किसी को पालते हुए देखा होगा. लेकिन क्या आपने कभी बाघ पाला है या फिर घुमाया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बच्चा बाघ को एक पार्क में टहला रहा है। बाघ के गले में एक चैन दिखाई दे रही है जिसे पकड़कर वह बच्चा उसे टहलता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो को देखकर एक पल के लिए तो ऐसा लग रहा है कि यह बाघ उसका पालतू जानवर लेकिन थोड़ी देर बाद जैसे ही बच्चा चेन खींचकर बाघ तो खींचने की कोशिश करता है तो वह बाघ बच्चे पर अटैक करने के लिए आगे बढ़ता है।



### यूजर्स की प्रतिक्रिया सामने आई

सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एक यूजर ने लिखा कि भाई वो टाइगर है कुत्ता नहीं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि बच्चे का जीवन टाइगर के मूड पर निर्भर है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि लाइक और व्यूज के लिए बच्चे की जान को जोखिम में डालना सही नहीं है। खबर लिखे जाने तक इसे 23 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है और 4 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इसे देखा है।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
पाईल्स (बवासीर) के दर्द से परेशान?
सिड्पाईल्स टॅबलेट
बवासीर, फिस्टुला, कब्ज़, गुदा मार्ग की सूजन, जलन, चूभन, खुजली, असहनीय वेदना आदि तकलीफें दूर करने में सहायक।
SIDPILES
अभयामृत
पुराने से पुराने कब्ज को दूर कर पाचन ठीक रखने में सहायक।
+91 844 844 4935
www.baidyanath.co

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग
जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

खाज, खुजली या दाद 'इचकू मलहम' को रखना याद
इचकू आयुर्वेदिक मलहम
NEW ITCHKU Ayurvedic Malham
Ringworm
Itching
Rashes
www.itchku.in
24x7 Helpline: 83058 53333

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com